
हरिभूमि
# रायपुर भूमि





प्रदेश में बढ़ चुकी ठंड, पर सुबह 8 से दोपहर 1 बजे की ओपीडी में नहीं हुआ बदलाव

## ओपीडी में घुसी 'ठंड', मरीज ठिठुरते हुए पहुंच रहे, पर डॉक्टर गायब

**दूरदराज से आने वाले मरीजों को दिक्कत ज्यादा, जांच कराने वालों की संख्या कम हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि लाइव

अपनी शारीरिक समस्या की जांच और इलाज की आस लेकर मरीज सुबह आठ बजे सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में तो पहुंच रहे हैं, मगर उन्हें डाक्टरों का कुछ ज्यादा ही इंतजार करना पड़ रहा है। ओपीडी का समय सुबह 8 से दोपहर एक बजे का है, मगर चिकित्सकीय स्टाफ 9 के बाद ही विभागों में पहुंच रहे हैं। ज्यादा दिक्कत दूर-दराज से आने वाले मरीजों को हो रही है। देर से इलाज शुरू होने का प्रभाव ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या पर हो रहा है। सामान्य दिनों में ओपीडी सुबह आठ बजे से ▸▸|शेष पेज 13 पर

### आंबेडकर अस्पताल में खाली कमरा

आंबेडकर अस्पताल में होने वाली ओपीडी में प्रतिदिन काफी संख्या में दूरदराज के क्षेत्रों से इलाज के लिए मरीज पहुंचते हैं। सुबह आठ बजे लंबी लाइन में खड़े होकर पंजीयन कराने के बाद वे विभाग तक पहुंच रहे हैं, मगर वहां कमरा खाली रहता है। मंगलवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति रही सुबह सवा आठ बजे तक विभिन्न विभागों की ओपीडी कक्ष सूनसान था और कई कमरों के दरवाजे ही नहीं खुले थे।



### डीके अस्पताल में भी विलंब

डीके अस्पताल में भी मरीज अपने निर्धारित समय इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। ओपीडी पर्ची कटने के बाद वे निर्धारित ओपीडी कक्ष के सामने भीड़ लग रही है और डाक्टर 9 के बाद आकर मरीजों की जांच करते है। कुछ एक विभाग को छोड़ दिया जाए तो बाकी में निर्धारित समय के बाद मरीजों को दूसरे दिन इलाज के लिए आने का वक्त दिया जाता है।

### जिला अस्पताल में भी ऐसी ही स्थिति

जिला अस्पताल पंडरी में भी ओपीडी के लिए वहीं टाइमिंग लागू है। यहां भी चिकित्सकीय स्टाफ की तुलना में मरीज पहले हास्पिटल पहुंच रहे हैं। साढ़े आठ के बाद नर्सिंग सहित अन्य स्टाफ का आना शुरू होता है और 9 बजे तक डाक्टरों के आने के बाद इलाज शुरू हो पाता है। शासकीय अस्पतालों में कुछ साल पहले शाम को ओपीडी का सिस्टम लाया गया था, बाद में भारी विरोध के बाद इसे बंद कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### 5 लाख की चोरी आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने 5 लाख रुपए की चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना दो माह पूर्व हर्षित विहार उरकुरा की है। प्रार्थी विजय सारथी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पैतृक मकान को 38 लाख में बेचा था, जिसकी राशि वह एक पेटी में अपने घर पर रखा था। इस पेटी में से 5 लाख रुपए कोई चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए आरोपी अनिल कश्यप निवासी ग्राम अरेठीकला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की पूरी रकम बरामद की है।

### युवक पर डंडे-हथियार से किया जानलेवा हमला

**रायपुर।** कबीरनगर क्षेत्र के बीएसयूपी कालोनी जरवाय में एक युवक पर जानलेवा हमला हो गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी धनी यादव निवासी बीएसयूपी कालोनी ने दर्ज कराई है। 7 दिसंबर की रात पौने 9 बजे आरोपी साहिल खान ने आपसी विवाद पर प्रार्थी और अब्दुल हासिम की हत्या करने के प्रयास में उन पर डंडे और धारदार हथियार से वार किए।

### अब मूल भूखंड में किए गए किसी भी उप विभाजन, बटांकन पर विचार नहीं होगा

## शहर में एक और कौशल्या विहार, 93 हेक्टेयर में बसेगा, जद में आ रही बिल्डर्स, कारोबारियों की जमीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

रायपुर विकास प्राधिकरण जल्द ही एक बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना लेकर आ रहा है। बताया गया है कि रायपुर के कौशल्या विहार (पूर्व में कमल विहार) की तरह बनने वाली इस परियोजना के लिए रायपुर से लगे ग्राम कचना, लभांडी, और सड्डू में 93. 469 हेक्टेयर जमीन उपयोग में लाई जाएगी। इस जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। बताया गया है कि इस अधिग्रहण के लिए 293 भूमि स्वामियों की जमीनें लिया जाना प्रस्तावित है, इन रकबों में कई बड़े बिल्डरों और जमीन के कारोबार से जुड़े लोगों का हिस्सा शामिल है।

### कौशल्या विहार की तर्ज पर बनेगा

रायपुर विकास प्राधिकरण ने कई साल पहले कमल विहार योजना पर काम शुरु किया था, यह योजना अब कौशल्या विहार के नाम से जानी जाती है। कचना, लभांडी सड्डू में 93 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बनने वाली नगर विकास योजना भी कमल विहार की तरह होगी।



बिल्डरों, जमीन कारोबारियों और दलालों की भी हैं यहां जमीनें जाएंगी परियोजना में


### बनेंगे आवासीय और कमर्शियल भवन

बताया गया है कि कमल विहार की तरह यहां भी आवासीय कमर्शियल काम्पेलक्स बनाए जाएंगे। परियोजना के लिए सलाहकार की नियुक्ति भी की जा रही है। यहां लोगों के रहने के लिए आवास समेत दुकान बाजार आदि के लिए व्यावसायिक काम्पलेक्स भी बनाने का विचार है। इसके साथ ही सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। यहां सभी वर्गों के लिए आवास प्रस्तावित होंगे। उल्लेखनीय है कि कचना शंकर नगर के आगे वाला ग्रामीण परिवेश वाला क्षेत्र है यह शहर से लगा है। इसी तरह लभांडी जिसका कुछ हिस्सा नवा रायपुर के अंतर्गत आता है, काफी एरिया सामान्य क्षेत्र में शामिल है। इसी प्रकार सड्डू ग्रामीण परिवेश वाला शहर से लगा क्षेत्र है। यहां वर्तमान में भी बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं।

### नगर विकास योजना शुरू करने की घोषणा

कचना, लभांडी और सड्डू में रायपुर विकास प्राधिकरण ने नगर विकास योजना बनाने की घोषणा की है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ ग्राम तथा नगर निवेश नियम 2020 के प्रारुप 25 के तहत घोषणा की सूचना जारी की गई है। योजना के तहत 293 भूमि स्वामियों की जमीनों के रकबे जो परियोजना के लिए प्रस्तावित है, उनकी सूची जारी की गई है। बताया गया है कि इस पूरे परियोजना क्षेत्र में जो जमीनें लेना प्रस्तावित है, वह जमीन बड़े बिल्डर, जमीन कारोबारियों, जमीन दलालों व अन्य लोगों के नाम पर हैं। आरडीए के सीईओ द्वारा जारी इस घोषणा में कहा गया है कि रायपुर विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित ग्राम-कचना, लाभांडी एवं सड्डू के नगर विकास योजना के आशय की घोषणा पर छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 50 की उपधारा (1) के तहत राज्य शासन का अनुमोदन प्राप्त है. प्रारूप नगर विकास योजना में अंतिम भूखंड का आवंटन उपरोक्त दर्शाये गये भू-स्वामित्व के आधार पर किया जायेगा भूमि स्वामियों की तालिका में दिए गए विवरण में किसी प्रकार की विसंगति अथवा इस सूचना के प्रकाशन से पूर्व हुए किसी उपविभाजित,बटांकन को सुसंगत प्रलेखों के साथ इस सूचना के जारी होने की तिथि से पंद्रह दिवस के भीतर प्राधिकरण की जानकारी में लाया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के पश्चात अंतिम भूखंड के आवंटन के प्रयोजन हेतु मूल भूखंड में किये गए किसी भी उप विभाजन,बटांकन पर विचार नहीं किया जायेगा।

## और बढ़ेगी रात की ठंड... मौसम विभाग ने जारी किया तीन दिन का यलो अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शीतलहर के साथ पड़ रही कड़ाके की ठंड में और वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सरगुजा, रायपुर और दुर्ग संभाग में तीन दिन इसका असर रहने की संभावना जताई है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर के मैनपाट में बर्फ जमने जैसी स्थिति बनी रही। दिसंबर की शुरुआत प्रदेश में जोरदार ठंड लेकर आई थी और थोड़े उतार-चढ़ाव के बीच लोगों की कंपकंपी छूटना जारी है। मैनपाट सहित सरगुजा संभाग के सभी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहां का न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। रात का मौसम इतना सर्द भरा है कि पेड़-पौधों में पाला जमने लगा है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग भी इस सर्दी से अछूता नहीं है। इन संभाग के कई हिस्से शीतलहर की चपेट में हैं और तापमान अपने रिकार्ड तोड़ स्थिति में है। माना एयरपोर्ट का पारा तो 10 डिग्री से नीचे जा चुका है और वहां रात होने के बाद चलने वाली सर्द हवा शरीर के भीतर हड्डियों तक अपना असर दिखा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शीतलहर की स्थिति बनी रहने और अगले तीन दिन रात की ठंड और तीव्र होने की संभावना जताई है। विशेषज्ञों का तर्क है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह से राज्य में ठंड और बढ़ सकती है, बशर्ते मौसम को कोई पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित ना करे।

- सरगुजा, रायपुर और दुर्ग संभाग में रहेगा ज्यादा असर

### प्रमुख शहरों का तापमान

**रायपुरः- न्यूनतम 12.3 और अधिकतम 29.8**
मानाः- रात का पारा 8.4 और दिन का 28.5
बिलासपुरः- न्यूनतम 10.4, अधिकतम 29.0
पेंड्राः- न्यूनतम पारा 10.6, अधिकतम 26.0
अंबिकापुरः- रात का पारा 5.3, दिन का 26.7
जगदलपुरः- न्यूनतम 9.9, अधिकतम 29.2
दुर्गः- रात का तापमान 8.9 दिन का 30.9

## आरक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित, जिले में 559 अभ्यर्थियों में 558 का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगभग एक वर्ष पूर्व हुई आरक्षकों में जीडी, वाहन चालक एवं ट्रेड टेलर पदों की हुई भर्ती परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों की प्रवीण्यता के आधार पर चयन और प्रतीक्षा सूची मंगलवार को जारी कर दी गई। इसके तहत रायपुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, कांकेर, सुकमा, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा सहित कई जिलों में चयनित आरक्षकों को पदस्थ किया जाएगा। ▸▸|शेष पेज 13 पर

### बस्तर संभाग में 1592 आरक्षक पदों की चयन-प्रतीक्षा सूची जारी

बस्तर रेंज के सभी सात जिलों में स्वीकृत 1592 आरक्षकों के पदों के विरुद्ध परिणाम घोषित किए गए है। इनमें जिला नारायणपुर में 470 आरक्षक, बीजापुर 337, बस्तर 334, सुकमा 128, कांकेर 125, कोंडागांव ▸▸|शेष पेज 13 पर

**इन पदों पर हुई भर्ती**

| | जनरल | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| आरक्षक-जीडी | 361 | 77 | 94 | 22 | 554 |
| आरक्षक-चालक | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 |
| आरक्षक-टेड टेलर | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |


आरक्षक चालक के एसटी वर्ग के एक पद के लिए चयन नहीं हुआ है।

## दिल्ली-मुंबई सहित चार शहरों की उड़ान में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- नियमित फ्लाइट की समस्या के दौरान विशेष चार्टर प्लेन भी उड़े

इंडिगो एयरलाइंस ने सातवें दिन दिल्ली-मुंबई सहित चार शहरों की एक-एक उड़ान को रद्द कर दिया। इन शहरों के यात्रियों के सफर के लिए अन्य फ्लाइट का विकल्प मिला। सात दिन से प्रभावित सामान्य उड़ान की व्यवस्था के दौरान एयरपोर्ट में तीन विशेष चार्टर प्लेन की आवाजाही भी हुई। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सामान्य दिनों में इंडिगो की 26 से 27 फ्लाइट नियमित रूप से आवाजाही करती है। मंगलवार को इसमें से चार फ्लाइट का संचालन ▸▸|शेष पेज 13 पर



### छुट्टियों की भीड़ पर होगा असर

ट्रैवहल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फ्लाइट को अचानक रद्द किए जाने की वजह से सैकड़ों यात्रियों का सफर प्रभावित हुआ है। इससे कई लोगों को बुरा अनुभव हुआ है, जिसका सीधा असर आने वाले दिनों में छुट्टियों के दौरान घूमने-फिरने की मंशा से टिकट बुक कराने वाले यात्रियों पर हुआ है।

### ट्रेन और बस की ओर लौटी भीड़

*समय की बचत के लिए अपनी यात्रा के लिए फ्लाइट की बुकिंग कराने वाले यात्रियों की भीड़ पिछले कुछ दिनों से ट्रेन और बस की ओर लौट चुकी है। सफर पूरा करने दोनों साधनों की मांग बढ़ने की वजह से लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग की सूची काफी लंबी हो चुकी है और टूरिस्ट बसों का फेयर यात्री बढ़ने की वजह से बढ़ गया है।*

## बूढ़ातालाब का म्यूजिकल फाउंटेन सालों से बंद, संचालन एजेंसी को अब नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महापौर मीनल चौबे की नाराजगी के बाद रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी ने बूढ़ातालाब के बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन संचालन करने वाली एजेंसी मेसर्स एमआर इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस दिया है। नोटिस में कहा गया है कि अनुबंध की शर्त के अनुसार म्यूजिकल फाउंटेन का नियमित संचालन एवं संधारण एजेंसी द्वारा किया जाना है। इसके बाद भी म्यूजिकल फाउंटेन का बंद पाया जाना एजेंसी द्वारा अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन को प्रदर्शित करता है। फाउंटेन को तत्काल चालू करें, ऐसा ▸▸|शेष पेज 13 पर

- बूढ़ातालाब में म्यूजिकल फाउंटेन बंद होने से आम नागरिकों में रोष

### संचालन सुनिश्चित करें

महापौर मीनल चौबे और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की मुख्य परिचालन अधिकारी ऋचा चंद्राकर ने अनुबंधित एजेंसी मेसर्स एमएमआर इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि बूढ़ातालाब में बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन को तत्काल चालू कर सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करे।



# धान खरीदी लिमिट व टोकन व्यवस्था से किसान परेशान, समस्या दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोसायटियों में धान बेचने किसानों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें से प्रमुख सोसायटियों के लिये निर्धारित प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट व टोकन की सुविधा व सीमा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्य सचिव विकास शील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मेल से ज्ञापन प्रेषित कर इन दिक्कतों से अवगत कराते हुये व्यापक किसान हित में इन दिक्कतों को तत्काल दूर कराने का आग्रह किया है। प्रेषित ज्ञापन में बतलाया गया है कि धान खरीदी शुरू हुये 24 दिन बीत चुका है पर सोसायटियों के लिये निर्धारित धान खरीदी की प्रतिदिन की लिमिट व तय टोकन की सीमा तथा दी गयी सुविधा किसानों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। ज्ञापन के अनुसार धान खरीदी के शुरुआती 15 दिन सोसायटियों के कर्मियों के प्रदेशव्यापी हड़ताल की वजह से अफरातफरी के चलते वैसे ही बीत गये। इसके साथ ही बारिश की वजह से खेतों के गीले होने के चलते धान कटाई प्रभावित होने की वजह से निर्धारित प्रतिदिन खरीदी का लिमिट का धान भी सोसायटियों तक नहीं पहुंच पाया जिसकी पुष्टि विभागीय रिकार्ड से की जा सकती है। दिसंबर माह के शुरुआत से किसानों का धान सोसायटियों में पहुंचने तैयार है पर तय लिमिट प्रभावी खरीदी में आड़े आ रहा है।

## सोसायटियों में प्रतिदिन की धान खरीदी लिमिट व टोकन को लेकर सौंपा ज्ञापन

### टोकन नहीं कट पाने से किसान परेशान

लिमिट की वजह से आन लाइन व आफ लाइन प्रभावी टोकन नहीं कट पाने से किसानों के परेशान होने व सोसायटियों में हमालो के भी खाली बैठे रहने से सोसायटियों को आर्थिक क्षति पहुंचने की जानकारी देते हुये स्मरण दिलाया गया है कि बीते वर्ष भी कालांतर में इस खरीदी लिमिट को बढ़ाया गया था। वर्तमान लिमिट में धान खरीदी किये जाने पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक किसानों का धान खरीदी न हो पाने की ओर आगाह करते हुये जाम धान का प्रभावी परिवहन कराने के साथ - साथ सोसायटियों के प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट की तत्काल समीक्षा कर युक्तियुक्त रुप से पुनरीक्षित कर अविलंब लागू कराने का आग्रह किया गया है।

### आफ लाइन टोकन जारी नहीं हो पा रहा

ज्ञापन में वर्तमान लिमिट का 70 प्रतिशत आन लाइन व 30 प्रतिशत आफ लाइन टोकन जारी किये जाने की व्यवस्था का उल्लेख करते हुये बतलाया गया है कि आन लाइन टोकन काटने मे में सीमांत, लघु व बड़े किसानों के बीच कोई विभाजन रेखा तय नहीं किया गया है जिसके चलते मुट्ठी भर किसानों के टोकन जारी होते ही यह लिमिट समाप्त हो जाता है। वहीं 30 प्रतिशत आफ लाइन टोकन जारी करने समिति कर्मियों के अनुसार पहले सीमांत व लघु किसानों का ही टोकन जारी करने का ऊपरी मौखिक दबाव है जिसके चलते बड़े किसानों की बात तो दूर सीमांत व लघु किसानों को भी आफ लाइन टोकन जारी नहीं हो पा रहा है। इसके मद्देनजर 50 प्रतिशत आन लाइन व 50 प्रतिशत आफ लाइन टोकन सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में बीते वर्ष 5 एकड़ से अधिक जोत वाले भूमिस्वामी किसानों को दिये गये 3 टोकन की सुविधा को अकारण ही 2 टोकन में सीमित करने को इन किसानों के लिये परेशानी का सबब ठहराते हुये पूर्ववत 3 टोकन की पात्रता देने का आग्रह किया गया है। किसान हित में इस संबंध में तत्काल निर्णय ले लागू कराने का अनुरोध किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 400 करोड़ के विकास पर कांग्रेस का संदेह, जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जांच अभियान



सिलयारी। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में हुए कथित 400 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (रायपुर ग्रामीण) ने बड़ा कदम उठाया है। कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का एक दल गांव-गांव जाकर इन कार्यों की 'दूरबीन से' जांच करेगा। उनका दावा है कि विधायक अनुज शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने कार्यकाल का पिछले दो वर्ष में धरसींवा विधानसभा में 'चार करोड़ का विकास कार्य कराने दावा किया था, लेकिन जमीन पर स्थिति कुछ और ही है। दूरबीन से जांच का मतलबः नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह प्रतीकात्मक अभियान है, जिसमें दूरबीन का उपयोग कर विकास कार्यों की गुणवत्ता, पूर्णता और प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। उद्देश्य यह साबित करना है कि घोषित राशि के अनुपात में कार्य हुए हैं या नहीं। दल धरसींवा विधानसभा के सभी गांवों का दौरा करेगा। इसमें सड़कें, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, जल संरचनाएं और अन्य बुनियादी ढांचे की पड़ताल शामिल होगी। अध्यक्ष बंजारे ने कहा की हम गांव-गांव जाकर सच्चाई सामने लाएंगे। अगर कार्य हुए हैं, तो धरातल पर कार्य नजर आएगा अन्यथा विधायक अनुज शर्मा के इस सफेद झूठ को धरसीवा की जनता को बताएंगे।

### नेऊरडीह में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट का आगाज 24 टीमें ले रही हिस्सा

सिलयारी। ग्राम नेऊरडीह में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज मंगलवार को हुआ। उद्घाटन मैच में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जागेश्वर चंद्राकर, जनपद सदस्य भगत बंजारे, नेऊरडीह सरपंच प्रतिनिधि विजय बंजारे, मांढर सरपंच कुमारी आडिल, पंच शतरूपा वर्मा, मनीषा चेलक के द्वारा श्रीफल तोड़कर मैच का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच में मांढर और गिरौद के बीच खेला गया। इस ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास गांव के 24 क्रिकेट टीम भाग ले रही है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपए एवं मैन ऑफ द सीरीज 2 हजार रुपए के अलावा अन्य पुरस्कार भी रखे गए हैं।

## निधन

### संतोष देवी छापरिया



अभनपुर। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बिमल छापरिया की धर्मपत्नी संतोष देवी छापरिया का 9 दिसंबर मंगलवार को स्वर्गवास हो गया है। वह नीरज छापरिया व नितिन छापरिया की पूज्य माता हैं। उनकी अंतिम यात्रा 10 दिसंबर (बुधवार) को सुबह 10 बजे उनके निज निवास छापरिया कॉलोनी से मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

### मेहत्तरराम पटेल



आरंग। मंगलवार को ग्राम पारागांव निवासी 85 वर्षीय मेहत्तरराम पटेल का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वह सुंदर पटेल और गोवर्धन पटेल के पिता व मोहन, मुकेश, चंदन और शेखर पटेल के दादा थे।

प्रतियोगिता : प्रदेश के कोने-कोने से महिला नृत्य मंडलियों ने भाग लेकर तालियां बटोरी

# मंदिर हसौद में 22 घंटे चला राज्य स्तरीय सुवा नृत्य महोत्सव, ससहा की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद




मंदिर हसौद में राज्य स्तरीय सुवा नृत्य प्रतियोगिता का सातवां वर्ष पर सफल आयोजन जहां छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पारंपरिक धरोहर सुवा नृत्य को जीवित रखने महिला कलाकारों को मंच एवं सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर श्री मनोकामना सुवा नृत्य उत्सव समिति न.पा. मंदिर हसौद के तत्वाधान में राज्य स्तरीय सुवा नृत्य का भव्य आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के कोने कोने से अनेक महिला नृत्य मंडलियों ने भाग लेकर अपनी शानदार प्रस्तुति से तालियां बटोरी। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व आयोजक समिति द्वारा एम वी मैलोडी ढोल पार्टी मंदिर हसौद की अगुवानी में शोभायात्रा निकालकर ग्राम देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया तत्पश्चात सुर साधना मानस परिवार मंदिर हसौद की श्री राम कथा रामायण की विशेष प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम शाम 4:00 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन दोपहर 2:00 बजे तक भारी दर्शकों की उपस्थिति में बिना रुके लगातार 22 घंटे तक जारी रहा आयोजन समिति के संचालक एवं मंच के उद्घोषक त्रिलोचन साहू ने भी अपनी बेहतरीन शैली से सफल संचालन कर समां बांधा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि गोपाल चतुर्वेदी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद, ओम प्रकाश यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका मंदिर हसौद,शोभित साहू, जी.पी.निषाद,अजय सिन्हा,अविनाश अग्रवाल,बिरझु ध्रुव, गोवर्धन सिन्हा पार्षद गण -निर्देश सिन्हा,प्रताप सिंह ठाकुर,तारिणी पिंटू निर्मलकर, सुरेश यादव, बिंदु भूषण बघेल, पीतांबर सोनवानी, उत्तम साहू आदि अतिथियों का आयोजक समिति ने आतिशबाजी के साथ पुष्पमाला गमछा श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजन के लिए समिति की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई एवं साधुवाद दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक समिति के संचालक-त्रिलोचन साहू, संरक्षक-ओमप्रकाश सिन्हा गजाधर वर्मा, अध्यक्ष-निर्देश सिन्हा, उपाध्यक्ष-गिरवर ध्रुव, सचिव-नरेंद्र ध्रुव, कोषाध्यक्ष-उमाशंकर वर्मा, सह सचिव-शंकर साहू अजय ध्रुव, प्रचार प्रमुख-हेमंत ध्रुव विनय सिन्हा नितेश ध्रुव, संगठन सचिव- गिरधर वर्मा सुरेश ध्रुव, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र ध्रुव, कमल साहू, योगेश ध्रुव, प्रताप निर्मलकर, प्रवीण साहू, प्रदीप चक्रधारी, राजा यादव, लक्ष्मीकांत सोनी, भूपेंद्र सर्वा, पुनीत देवांगन, अविनाश वर्मा, पुरूषोत्तम वर्मा, रविंद्र ध्रुव, जतिन ध्रुव, राजेंद्र ध्रुव, साहिल ध्रुव, मनमोहन साहू, यशराज सिंह, घनश्याम साहू, रत्नेश दुबे, कृष्णा यादव, सौरभ ध्रुव, अंशु ध्रुव, अर्जुन ध्रुव, मयंक वर्मा, भूपेश चंद्राकर सिब्बु जैना लक्की पटेल,सूर्यकांत वर्मा मनीष वर्मा सहित नगर वासियों का भारी योगदान रहा।

### मंचस्थ टोली को किया सम्मानित

तीसरे दिन निर्णायक समिति के सदस्यों अनिल सिन्हा, पंकज ध्रुव, डॉ. गोवर्धन साहू, राधेश्याम पटेल, नंदकुमार पटेल, राम कुमार सिन्हा द्वारा विजेता टीमों की घोषणा की गई जिसमें प्रथम स्थान एवं श्रेष्ठ नृत्य में-कही देबे सुआ के संदेश नृत्य टोली ससहा (पलारी), द्वितीय स्थान एवं श्रेष्ठ गायन-मां की प्रेरणा सुवा परिवार धर्म नगरी आरंग, तृतीय स्थान एवं श्रेष्ठ वेशभूषा-मीठ बोली सुआ परिवार छतौद (तिल्दा) चतुर्थ स्थान एवं श्रेष्ठ संगीत-लोक आराधना सुवा पार्टी दरबा मंदिर हसौद पंचम-हमर छत्तीसगढ़ के धरोहर सुवा टोली हलवई खपरी, छठवां-सुवा के ले जा संदेश टेढ़ीनारा बागबाहरा विजेता रहे। आयोजक समिति द्वारा विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 15551/ रुपए द्वितीय 11551/ तृतीय 7551/ चतुर्थ 5551/ पंचम 3551/ षष्ठम पुरस्कार 2551/ एवं श्रेष्ठ संगीत 1501/ श्रेष्ठ वेशभूषा 1501/ श्रेष्ठ नृत्य 1501/ श्रेष्ठ गायन 1501/ प्रथम मंचस्थ टोली 1501/ साथ ही सांत्वना पुरस्कार 2001 रुपए नगद श्रीफल सम्मान पत्र प्रतीक चिन्ह गमछा दान पात्र प्रत्येक मंचस्थ टोली को प्रदान किया गया।

# अभनपुर में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का हुआ भव्य स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का रायपुर से चारामा प्रवास के दौरान अभनपुर आगमन हुआ। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर और नवापारा के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौक सिग्नल के पास उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, जयकारों और गर्मजोशी के साथ श्री बघेल का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर श्री बघेल ने केक काटकर सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। केक काटने के बाद, पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर किसानों एवं सोसाइटियों में धान खरीदी के दौरान हो रही अनियमितताओं पर गहन चर्चा की और इसके समाधान पर विचार-विमर्श किया। चर्चा के उपरांत वे अपने अगले पड़ाव चारामा के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, नपा उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, नीमा निंबेकर, किरण साहू, रानू राठी, डोमेंद्र साहू, बीरबल टंडन, वीरेंद्र सिन्हा, हिम्मत सिंह, चंद्रहास साहू, जीत सिंह, श्रीराम यादव, जीत सिंह गांधी, उपजीत सचदेवा, दीक्षा राठी, श्रीमती भुवनेश्वरी सिन्हा, श्रीमती रेणुका साहू, रानी सिन्हा, रोशनी कोशले, दुलारी सिन्हा, प्रमोद मिश्रा, शैलेंद्र यादव, बाबूलाल सिन्हा, नरेन्द्र निंबेकर, राकेश सोनकर, भूपेंद्र बजाज, घनश्याम बघेल, सौरभ साहू, डोमेश सिन्हा, सुमित तंबोली सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की महापरीक्षा में 68% नवसाक्षरों ने लिया हिस्सा



आरंग। आरंग विकासखंड में 'उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान' के तहत आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा में विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व उत्साह का प्रदर्शन किया। रविवार को आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा में विकासखंड के 68 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो अभियान की सफलता और क्षेत्र में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

यह महापरीक्षा जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के विशेष निर्देश पर आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य नवसाक्षरों की भागीदारी सुनिश्चित करना और साक्षरता दर को बढ़ाना है। आयोजन के लिए आरंग विकासखंड की कुल 70 ग्राम पंचायतों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। लगभग 68% नवसाक्षरों ने परीक्षा में शामिल होकर अपनी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। परीक्षा की सुचारू व्यवस्था और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उच्चाधिकारियों की टीमों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया। निरीक्षण करने वाले अधिकारियों में शामिल थे डीईओ रायपुर हिमांशु भारतीय एवं उनकी टीम, डेकेश्वर वर्मा एवं एससीइआरटी टीम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी (आरंग) दिनेश शर्मा एवं टीम, डीपीओ कामिनी बावनकर, नोडल (साक्षरता) अलंकार परिहार। सभी अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था, केंद्र प्रबंधन और विद्यार्थियों की उपस्थिति का बारीकी से जायजा लिया तथा सफल संचालन सुनिश्चित किया।

# व्यापारी संघ ने बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा खोलने की मांग की



आरंग। नगर के व्यापारियों ने आरंग में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की एक नई शाखा खोलने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा के ग्राहकों की संख्या लाखों में होने के कारण आम जनमानस को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने बताया कि देना बैंक, जो वर्ष 1969 से नगर की एकमात्र बैंक शाखा थी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा में विलय होने के बाद यहाँ भीड़ और अधिक बढ़ गई है।

बैंक में बैठने की अपर्याप्त व्यवस्था, पेयजल की कमी और पार्किंग का अभाव जैसी समस्याएँ लगातार देखने को मिल रही हैं। किसानों, वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनरों, ग्रामीण पंचायत प्रतिनिधियों और व्यापारियों को इन परिस्थितियों में काफी परेशानी हो रही है। नगर में वर्तमान में केवल दो पंजाब नेशनल बैंक की शाखाएँ संचालित हैं, इसलिए शीघ्र ही बैंक ऑफ़ बड़ौदा की एक अतिरिक्त शाखा खोला जाना अत्यंत आवश्यक बताया गया है। व्यापारी संघ द्वारा इस संबंध में शाखा प्रबंधक से भेंट कर समस्या से अवगत कराया गया।

शाखा प्रबंधक ने वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, संतोष चंद्राकर, दीपक सोनी, पंकज शुक्ला, शरद गुप्ता, बांकेबिहारी अग्रवाल और डॉ. मनोज चंद्राकर शामिल थे।

# टेकारी में जमकर अवैध प्लाटिंग सरपंच ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

विधानसभा इलाके में भू माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गए। अब वे कृषि योग्य भूमि के अलावा सरकारी जमीन को भी नहीं छोड़ रहे हैं। जिससे परेशान होकर ग्राम पंचायत टेकारी के सरपंच चंद्रकांत वर्मा धरसीवां तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे ज्ञापन सौंपा कर तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग की है।

बतादेकी राज्य सरकार ने 5 डेसिमल तक जमीन की खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध लगाई है। उसके बाद भी राजस्व के कायदे कानून को दरकिनारे रखकर कृषि योग्य जमीनों पर अवैध प्लाटिंग का धंधा इन दिनों चरम पर है। इलाके में सक्रिय भू माफिया ने छोटे-छोटे किसानों को सपना दिखाकर उनके कृषि योग्य भूमि को अवैध तरीके से टुकड़ों में प्लाट बेंच रहे हैं जिससे राज्य सरकार को राजस्व में सबसे बड़ी हानि हो रही है । ऐसा ही मामला धरसीवां तहसील के अंतर्गत टेकारी में देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने इसके पूर्व इसकी शिकायत कई बार राजस्व अधिकारी से चुके हैं। उसके बाद भी ठोस कार्यवाही नहीं होने के चलते इन माफियाओं का हौसला बुलंद हो गया है। बता दें कि टेकारी के गायत्री मंदिर के पीछे भूमाफियाओं ने एक किसान को लालच दिखाकर कृषि योग्य भूमि को प्लाटिंग कर दी है। प्लाटिंग तक जाने के लिए रोड रास्ता मांढर शाखा नहर के पार को आने जाने का रास्ता बताया गया है। अब इस जगह पर लगातार अवैध प्लाटिंग हो रही है। और मकान भी बनकर तैयार हो रहे हैं। ग्राम पंचायत टेकारी के सरपंच चंद्रकांत वर्मा बताया कि पोस्ट आफिस के समीप, बाजार चौक, परसुलीडीह, अर्जुन वैली जगह पर अवैध तरीके जोर-शोर से अवैध प्लाटिंग हो रही है। भू माफिया द्वारा कृषि भूमि के अलावा सरकारी जमीन को भी रोड रास्ता दिखाकर बेच रहे हैं।

धरसीवां तहसीलदार को स्थल का चिन्हाकनं कर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने के लिए आवेदन देकर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। धरसीवां तहसीलदार बाबू लाल कुर्रे ने पूरे मामले में कहां कि टेकारी सहित अन्य गांवों का प्रकरण बनाकर रायपुर एसडीएम को कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित कर दिया गया है। आदेश मिलते ताबड़तोड़ कार्रवाई की जाएगी।

# अभनपुर में नवनिर्मित गुरु घासीदास मंदिर का लोकार्पण



अभनपुर। गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व के पावन माह के अवसर पर अभनपुर बस्ती में कैबिनेट मंत्री व धर्मगुरु खुशवंत साहेब ने नवनिर्मित गुरु घासीदास बाबा मंदिर का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में गुरु गद्दी आसान की स्थापना भी की। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा कि यह नवनिर्मित दिव्य मंदिर मानव समाज में नई ऊर्जा, चेतना और नैतिक जीवन के संकल्प का संदेश देता हुआ आगे भी सभी के लिए पथ-प्रदर्शक बनेगा। उन्होंने कहा कि गुरु गद्दी की स्थापना के साथ अभनपुर क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण का नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। उन्होंने सभी समाजजनों से सत्य, अहिंसा, समानता और सद्भाव के मार्ग पर चलकर गुरु घासीदास बाबा जी के उद्देश्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# अग्निवीर अमन कुर्रे का स्वागत सतनामी समाज ने किया सम्मान



अभनपुर। उपतहसील परिक्षेत्र सतनामी समाज के पदाधिकारियों द्वारा भटगांव (खोरपा) निवासी अग्निवीर अमन कुर्रे का प्रशिक्षण उपरांत प्रथम ग्राम आगमन पर भव्य स्वागत कर सम्मान किया गया।

अध्यक्ष लक्षवीर बांधे ने बताया कि अमन कुर्रे के पिता हेमन्त कुर्रे भी आर्मी में रहे एवं उनके दादा कृष्ण कुमार कुर्रे पुलिस प्रशासन पद में कार्यरत रह चुके हैं जो सतनामी समाज के लिए गौरव की बात है। इस दौरान मनमोहन कुर्रे, जितेन्द्र कुर्रे, कमलेश बांधे, चन्द्रकांत चेलक, सूर्यकांत चेलक, संजय कुर्रे, गौतम बांधे, सुजित डहरिया, भुनेश्वर ओगरे, मोहन कुर्रे, महेश कुर्रे, सरस्वती बघेल, नीता चेलक, उदय लाल साहू, मोहन साहू, जगदीश साहू सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**प्रारूप - 37**
**(नियम 61 (3) देखिए)**
**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना**
**(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)**

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 457 तारीख 05.12.2025

श्री/श्रीमती/कुमारी **DHARMESH, S/O-BHAGAVAT TANDAN, HNO-95 WARD NO-07, GHUTUR KUNDI PO-DULLAPUR, KAWARDHA, DIST-KABEERDHAM (CG)-491559** (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि **Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur** (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PT5450 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51(5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम कोलर, प.ह.नं. 10
रा.प्र.क्र.202511116300020/अ-27/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण भगवंतीन पिता बुधु, गीता पिता बुधु निवासी ग्राम कोलर उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम कोलर प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 42/2, 412/12 रकबा क्रमशः 0.0650, 0.3030 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में भगवान सिंह, - भगवंतीन, गीता पिसरान बुधू के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। आवेदिकागण द्वारा उक्त भूमि का बराबर बराबर हिस्सों में खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 22/12/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 05/12/2025 को जारी किया गया।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार**
**अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर की शहर विकास योजना क्रमांक 4 कमल विहार में परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 380/1 का भाग रकबा 192.50 वर्गमीटर याने 2071 वर्गफुट भूखंड क्रमांक ए-37 सेक्टर-8 ए मौजा ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री श्यामसुंदर प्रसाद गुप्ता पिता श्री दशरथ प्रसाद गुप्ता निवासी दावड़ा कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुरछ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 380/1 का भाग रकबा 192.50 वर्गमीटर याने 2071 वर्गफुट भूखंड क्रमांक ए-37 सेक्टर-8 ए जो कि रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर की शहर विकास योजना क्रमांक 4 कमल विहार, को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 25 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 09-12-2025

**रविन्द्र मिश्रा (अधिवक्ता)**
**महामाया मंदिर के पास भनपुरी रायपुर**
**तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9977251899**

---

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7523 दिनांक 25.10.2021 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट- 22/302 को **श्रीमती हेमलता वर्मा पति श्री दिलेश्वर वर्मा एवं श्री दिलेश्वर वर्मा पिता श्री जयकरण वर्मा** के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 04.03.2022 को सेलडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में **श्रीमती हेमलता वर्मा पति श्री दिलेश्वर वर्मा एवं श्री दिलेश्वर वर्मा पिता श्री जयकरण वर्मा,** निवासीः- एल.आई.जी. फ्लैट-22/302, सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री बीरेन्द्र तिवारी पिता श्री श्याम सुन्दर तिवारी**, निवासीः - 860, रामेश्वर नगर, महामाया मंदिर के पीछे भनपुरी, धरसींवा, बीरगांव, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एल. आई.जी. फ्लैट- 22/302 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर - 18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांकः- 08/12/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना पटवारी हल्का नम्बर 80 राजस्व निरीक्षक मण्डल-रायपुर- 18, कान्दुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में आवेदकगण 01. कमलेश कुमार साहू पिता तुलसी राम साहू निवासी शांति नगर रायपुर, 02. विजय सोनी पिता स्व. गयाराम सोनी निवासी रायपुरा, रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 549/3 रकबा 0.208 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / / वाचक/ अति.तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांकः- 17/06/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- 24/12/2025 को किया जाना नियत है। अतः एवं उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. 18 कांदुल**

---

**न्यायालयः मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारीः शक्ति सिंह राजपूत)**
प्रोसेस क्रमांक- 1768/2025
मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण क्रमांक-65/2025
पेशी तिथि- 08.01.2026

**ईश्तहार**

रीना अग्रवाल वगैरह....आवेदकगण
-बनामः-
संजय राम रवानी वगैरह..........अनावेदकगण

प्रेषितिः- अनावेदक क्रमांक (1) संजय राम रवानी पिता दुर्गाराम रवानी, उम्र 48 वर्ष, निवासी-ग्राम AD.CH. Ranchi (झारखंड) (वाहन ट्रक क्रमांक-CG04/NU-6611 का चालक)
अनावेदक क्रमांक-(3) संजय कुमार जैन C/O दिलरंजन कुमार सिंह, निवासी-535 आकाश नगर बीरगांव रायपुर, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) (वाहन ट्रक क्रमांक-CG04/NU-6611 का स्वामी)

आवेदिकागण रीना अग्रवाल पति स्व. संजय अग्रवाल, उम्र-49 वर्ष, निवासी-वार्ड नंबर-05 नैला, पुलिस चौकी नैला, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर से अनावेदकगण संजय राम रवानी वगैरह के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम के तहत मोटर दुर्घटना में संजय कुमार अग्रवाल की मृत्यु होने जाने के कारण अनावेदकगण से क्षतिपूर्ति राशि 2,26,00,000/- रुपये दिलाये जाने के लिये आवेदन दिया है।

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में स्वतः अथवा अपने अभिभाषक अथवा आपकी ओर से नियुक्त प्रतिनिधि के माध्यम से नियत तिथि दिनांक-08/01/2026 को सुनवाई हेतु इस न्यायालय के समक्ष समय 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यदि किसी कारणवश दिनांक-08/01/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

स्थान- जांजगीर
दिनांक-05.12.2025

**(शक्ति सिंह राजपूत)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप




### कैबिनेट आज, सत्र की तैयारियों धान खरीदी की होगी समीक्षा

**रायपुर।** राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक बुधवार को बुलाई गई है। मंत्रालय में सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारियों पर चर्चा होगी। सत्र के दौरान लाए जाने वाले धर्म स्वातंत्र्य विधेयक में संशोधन के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे मंजूरी दिए जाने की संभावना है। पिछले सप्ताह कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसमें तीन विधेयकों को मंजूरी दी गई थी। 14 दिसंबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा लाए गए कई सवालों पर सरकार की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी। धर्मांतरण रोकने के लिए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक में संशोधन के प्रारूप पर विचार कर मंजूरी दी जाएगी। संशोधन विधेयक में कड़े प्रावधान किए जा रहे हैं। वहीं धर्मांतरण के लिए दो माह पूर्व अनुमति लिए जाने पर ही मान्य किए जाने का प्रवाधान किया जा रहा है।

### सीएस ने सचिवों से मांगी तीन वर्षों की कार्ययोजना विभागवार दी गई प्रस्तुति

**रायपुर।** मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य की योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने सचिवों को निर्देशित किया कि अपने विभाग के लिए अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार करें, ताकि प्रदेश में कुशलता के साथ और तीव्र गति से काम हो सकें। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य जनता के हित में सतत कार्य करना है। बैठक में वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल नवीन मद प्रस्तावों, योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

### मोहदी धान खरीदी केंद्र में किसानों ने की तालाबंदी



**रायपुर।** पखवाड़ेभर से टोकन के लिए भटकने के बाद भी नहीं मिलने पर आक्रोशित किसानों ने मोहदी धान खरीदी केंद्र में तालाबंदी कर विरोध जताया। धान बेचने आने वाले गांवों के किसान, मोहदी, गोढ़ी, टाडा, अकोली के किसानों ने समिति में प्रदर्शन किया। समिति कार्यालय के सामने आधे घंटे तक नारेबाजी कर प्रदर्शन के बाद भी समिति प्रभारी के नहीं पहुंचने पर किसानों ने गेट पर ताला बंद कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर समिति प्रबंधक वहां पहुंचे, तब किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन समिति प्रबंधक को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आप संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित करें कि अगर खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तो धरसीवां हाईवे पर किसानों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा। किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा ने कहा, सरकार से जल्द ही खरीदी लिमिट बढ़ाने एवं किसानों को ऑफ लाइन टोकन 70 प्रतिशत करने की जायज मांग पर निर्णय ले, अन्यथा आक्रोशित किसान आगामी आंदोलन पर रणनीति तय कर खरीदी ठप करेंगे।

# सभी मोर्चा को 15 तक संभावित कार्यकारिणी बनाने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के विस्तार की कवायद चल रही है। सभी मोर्चा की कार्यकारिणी बनाने को लेकर प्रदेश संगठन अब गंभीर हो गया है। प्रदेश संगठन ने 15 दिसंबर तक सभी मोर्चा को अपनी संभावित कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश संगठन को देने का फरमान जारी किया है।

सभी मोर्चा की संभावित कार्यकारिणी आने के बाद प्रदेश संगठन इसे फाइनल करेगा और 15 दिसंबर के बाद कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया जाएगा। ऐसे में सभी मोर्चा अध्यक्ष अपने-अपने स्तर पर कार्यकारिणी बनाने की कवायद में जुट गए हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की कार्यकारिणी का ऐलान 13 अगस्त को किया गया था तो इसमें सभी सात मोर्चा के अध्यक्ष भी बनाए गए। मोर्चा के अध्यक्ष बनने के बाद इनको अपनी कार्यकारिणी सितंबर तक बनाने के लिए कहा गया था। लेकिन यह सितंबर में नहीं बन सकी। इसके बाद अक्टूबर में दीपावली से पहले कार्यकारिणी बनाने का

- प्रदेश संगठन बैठक कर कार्यकारिणी करेगा फाइनल




फैसला किया गया तो इसमें भी सफलता नहीं मिली। पहले बिहार चुनाव और इसके बाद भाजपा के जीएसटी, एसआईआर सहित कई कार्यक्रमों के कारण मोर्चा की कार्यकारिणी नहीं बन सकी। अब प्रदेश संगठन ने फैसला किया है कि सभी मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान हर हाल में इस माह के अंत करना है। इसके लिए सभी मोर्चा अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं।

अध्यक्ष जुटे कार्यकारिणी बनाने में

प्रदेश संगठन के निर्देश के बाद सभी मोर्चा के अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी बनाने की कवायद में जुट गए हैं। इसके लिए सभी अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ अपने क्षेत्र के सांसद और विधायकों के साथ भी रायशुमारी कर रहे हैं। सभी से सुझाव लेकर एक संभावित कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश संगठन के सामने रखी जाएगी। सभी मोर्चा को नए जिलों के कार्यकर्ताओं को भी प्रतिनिधित्व देने पर ध्यान देने कहा गया है। प्रदेश संगठन कार्यकारिणी का अंतिम फैसला करेगा। सबसे अहम भाजयुमो, महिला मोर्चा और किसान मोर्चा की कार्यकारिणी है। भाजयुमो के लिए यह साफ फरमान है कि किसी भी हाल में कार्यकारिणी में 35 साल से ज्यादा के पदाधिकारी नहीं चलेंगे। प्रदेश की कार्यकारिणी के बाद सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी बनाने की कवायद प्रारंभ होगी।

## 21 जिलों में परिवहन का डीओ जारी, अब तक 8 लाख 63 हजार क्विंटल धान का परिवहन

# 909 खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक कई जिलों में परिवहन का काम अटका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

धान खरीदी को लेकर तेजी आ गई है। कई समितियों में बंपर धान की आवक हो रही है। धान की आवक के साथ परिवहन की व्यवस्था नहीं होने के कारण समितियों में धान का स्टैक लगातार बढ़ता जा रहा है। समय पर उठाव नहीं होने के कारण समितियों में बफर स्टॉक की स्थिति बन गई है। प्रदेश के विभिन्न जिलों की 909 सोसाइटियों में अधिक धान जमा हो गया है। आने वाले समय में उठाव नहीं हुआ, तो रखने की जगह नहीं बचने से खरीदी पर असर आएगा। बताया गया है कि मार्कफेड में परिवहन के लिए अनुबंध करने के बजाय जैम पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव मंगाए गए थे। जैम पोर्टल से मिले प्रस्ताव के आधार पर कई जिलों में अनुबंध हो चुका है, लेकिन डीओ नहीं कटने के कारण धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है। मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों में परिवहन के लिए अनुबंध जिला स्तर पर किया जा रहा है। डीएमओ द्वारा समितियों में धान की स्थिति के आधार पर डीओ जारी किया जाएगा।




### 12 जिलों में नहीं कटा डीओ

15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद लगातार किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं। किसान अपना धान लेकर खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं। अब प्रतिदिन दो से तीन लाख टन धान की आवक हो रही है। आवक के आधार पर समितियों द्वारा खरीदी की जा रही है। समितियों में धान जमा होने के साथ डीएमओ को उपार्जन केंद्रों में जमा धान की रिपोर्ट दे रहे हैं। अब तक 13 जिलों में धान के उठाव के लिए डीओ जारी नहीं किया गया है। बताया गया है कि इन जिलों में कुछ में अनुबंध प्रक्रियाधीन है।

### इन जिलों में बफर स्टॉक

प्रदेश में धान खरीदी के बाद समितियों द्वारा लगातार उठाव के लिए दबाव वनाया जा रहा है। फिर भी जिलों की कई समितियों में धान का बफर स्टॉक देखने में आया है। जिन जिलों की एपार्जन केंद्रों में यह स्थिति है, उनमें बस्तर के 79 खरीदी केंद्र में से 21 में बफर स्टॉक पाया गया है। वहीं बेमेतरा और बालोद जिलों में सबसे अधिक धान आने के कारण यहां पर सबसे अधिक लगभग 100-100 खरीदी केंद्रों में धान जाम हो गया है। महासमुंद जिला जहां अब तक का सबसे अधिक धान खरीदा गया है, वहां पर 76 खरीदी केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। राजनांदगांव में 69, कवर्धा में 68, धमतरी की 66, बलौदाबाजार में 51 और गरियाबंद में 46 खरीदी केंद्र भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। रायपुर जिले की 28 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति है। आने वाले दो-तीन दिनों में डीओ नहीं कटने पर यहां खरीदी पर असर पड़ेगा।

### लिमिट बढ़ाने की मांग

समितियों में धान की आवक बढ़ने के कारण समिति प्रबंधकों ने कलेक्टर को पत्र लिखकर धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग की है। वहां प्रबंधकों द्वारा परिवहन न होने से धान रखने की जगह की समस्या से भी अवगत कराया गया है। समितियों द्वारा सूखत की समस्या को देखते हुए उठाव पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। जिलों में अनुबंध के बाद परिवहन कार्य तेजी से कराने का आश्वासन जिला प्रशासन ने दिया है।

## दिल्ली की महारैली पर जिला कांग्रेस कार्यकारिणी ने बनाई रणनीति




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की कार्यकारिणी की बैठक कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अध्यक्षता में हुई।

- रूट तय कर सैकड़ों कांग्रेसी जाएंगे, धान खरीदी की निगरानी करने बनेगी समिति

बैठक में एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में दिल्ली जाने के लिए रायपुर ग्रामीण क्षेत्र से कांग्रेस जन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने, धान खरीदी केंद्र में ब्लॉक स्तर पर निगरानी समिति गठन करने एवं एसआईआर में अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम जोड़ने पर विस्तृत चर्चा हुई। दिल्ली की महारैली में शामिल होने के लिए जिलों का टारगेट तय किया गया है। टारगेट के अनुसार सूची तैयार कर ली गई है। प्रदेश से हजारों कार्यकर्ता रैली के दो दिन पूर्व रवाना होंगे। जाने के रूट चार्ट को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं प्रदेश में चल रहे एसआईआर को लेकर नाम जोड़ने की दावा आपत्ति के जरिए कांग्रेसी इस पर पूरी नजर रखेंगे। सूची के प्रारंभिक प्रकाशन से पूर्व अपने क्षेत्रों में नामों का सत्यापन भी करेंगे।

वहीं धान खरीदी को लेकर किसानों की दिक्कतों के लिए जिला स्तर पर समिति गठन कर खरीदी केंद्रों का दौरा कर किसानों को हो रही परेशानी से रूबरू होकर उसका निदान करेंगे। टोकन और गिरदावरी को लेकर समिति स्तर पर निगरानी करने का प्लान तैयार किया गया है।

## नए सत्र से अकादमिक लाभ के लिए पाठ्यक्रम होंगे लॉन्च | विवि में सिखाई जाएगी अतिरिक्त भारतीय भाषा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

यूजीसी ने देश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को निर्देश दिया है कि वे छात्रों और शिक्षकों को एक अतिरिक्त भारतीय भाषा सीखने के लिए नया प्रोग्राम शुरू करें। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उस प्रावधान से जुड़ी है, जिसमें देश की भाषाओं को बढ़ावा देने और अलग-अलग राज्यों के लोगों को एक-दूसरे की भाषा से परिचित कराने की बात कही गई है। यूजीसी ने स्पष्ट किया है कि 'लर्न वन मोर भारतीय भाषा' कार्यक्रम को सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में तुरंत लागू किया जाए। यह कार्यक्रम भारतीय भाषा समिति की सिफारिश पर तैयार किया गया है। यूत की ओर से इसके लिए दिशा निर्देश जारी किये गए हैं कि सभी शैक्षिक संस्थान छात्रों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए छोटे-छोटे इनसेंटिव तय करें।

इसमें सर्टिफिकेट, अतिरिक्त मार्क्स, एचओडी लेवल पहचान, या किसी अन्य अकादमिक लाभ को शामिल किया जा सकता है। आयोग का मानना है कि यदि स्टूडेंट्स को यह महसूस होगा कि भाषा सीखने से उन्हें भविष्य में फायदा मिलेगा, तो वे इस कार्यक्रम से उत्साहपूर्वक जुड़ेंगे। भाषा कोर्स शुरुआती स्तर का और छात्र के लिए आसान बनाने को कहा गया है। यूजीसी ने सभी संस्थानों से कहा है कि वे इस कार्यक्रम को बिना देरी लागू करें और अपने यहां कोर्स शुरू करने की तैयारी जल्द पूरी करें।

### ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन का विकल्प

यूजीसी ने इस कार्यक्रम के लिए भाषा से संबंधित कोर्स की रूपरेखा भी साझा की है। यूजीसी की ओर से दिए निर्देश के मुताबिक कॉलेज या संस्थान चाहें तो स्थानीय समुदाय या भाषा विशेषज्ञों की मदद से ट्रेनर उपलब्ध करा सकते हैं। यह विश्वविद्यालय या संस्थानों को तय करना होगा कि वे किस प्रकार से कोर्स उपलब्ध करवाएंगे। संस्थान चाहें तो ऑनलाइन, ऑफलाइन या दोनों तरह के कोर्स उपलब्ध करवा सकते हैं। इसके लिए डिजिटल लेक्चर, ई-बुक और इंटरैक्टिव टूल्स इस्तेमाल किए जा सकते हैं, ताकि स्टूडेंट्स आसानी से सीख सकें। **नौकरी के अवसरों में होगी बढ़ोतरी :** आयोग की ओर से साझा की गई डिटेल के मुताबिक, युवाओं को कम से कम एक ऐसी भारतीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए, जिससे वे दूसरे राज्य के लोगों से आसानी से बातचीत कर सकें। इसके लिए हर विवि और कॉलेज को ऐसा आसान भाषा कोर्स शुरू करना होगा, जिसे स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई के साथ आराम से कर सकें।

# गिधवा-परसदा में बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर का लोकार्पण एवं बर्ड सफारी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के प्रसिद्ध प्रवासी पक्षी आश्रयस्थल गिधवा-परसदा क्षेत्र में आज छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर का लोकार्पण एवं बर्ड सफारी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हजारों ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति ने इस ऐतिहासिक क्षण को विशेष बना दिया। उन्होंने कहा, गिधवा-परसदा पक्षियों के संवर्धन, संरक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में देश में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। यह क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएगा।

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि इस क्षेत्र में 270 से अधिक प्रजातियों के विदेशी व स्वदेशी पक्षी नियमित रूप से प्रवास करते हैं और स्थानीय जैव विविधता को समृद्ध बनाते हैं। दशकों से यह क्षेत्र साइबेरिया, यूरोप और मध्य एशिया से आए पक्षियों के लिए सुरक्षित प्राकृतिक आवास रहा है। बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर के माध्यम से पर्यटक अब पक्षियों के जीवन, व्यवहार, प्रवास चक्र और जैव विविधता को वैज्ञानिक दृष्टि से समझ सकेंगे। उन्होंने कहा, क्षेत्रवासियों की संवेदनशीलता और भावनात्मक जुड़ाव के कारण यह क्षेत्र देश का अनोखा वेटलैंड बन सका है। आने वाले समय में यह क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा बर्ड-वॉचिंग हब बनेगा।



### पर्यटन एवं रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

उन्होंने कहा, बर्ड सफारी के संचालन से स्थानीय युवाओं को होम-स्टे, गाइडिंग, बोटिंग, ईको-टूरिज्म, लोकल उत्पाद बिक्री और ट्रांसपोर्ट सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि वेटलैंड क्षेत्र को और विकसित करने हेतु सोलर लाइटिंग, बर्ड वॉचिंग टॉवर, सूचना केंद्र, जैवविविधता अध्ययन केंद्र, पार्किंग स्थल और पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

### क्षेत्रवासियों का सपना साकार हुआ- दयालदास

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, वे स्वयं इस क्षेत्र से जुड़े रहे हैं और बचपन से यहां पक्षियों के विचरण को देखते आए हैं। क्षेत्र के लोगों ने वर्षों पहले संकल्प लिया था कि किसी भी प्रवासी पक्षी को क्षति नहीं पहुंचानी है। इसी संकल्प ने गिधवा-परसदा को पक्षी विहार के रूप में विकसित कर दिया है। आज का दिन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए गौरव और उत्साह का पर्व है। यह स्थल अब देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

### भारत का उभरता हुआ अंतर्राष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट

गिधवा-परसदा वेटलैंड का भूगोल प्राकृतिक जलाशयों, विशाल आर्द्रभूमियों तथा शांत वातावरण से समृद्ध है, जो प्रवासी पक्षियों हेतु आदर्श माना जाता है। यहाँ हर वर्ष सितंबर से मार्च के मध्य बारहेड गूज, कॉमन टील, पिंटेल डक, नॉर्दर्न शवलर, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, पेंटेड स्टॉर्क, ओपनबिल्ड स्टॉर्क, सारस क्रेन सहित 270 प्रजातियों के पक्षी विचरण करने आते हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि गिधवा-परसदा को राष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग साइट के रूप में मान्यता मिले इसे अंतर्राष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट में शामिल किया जाए इस क्षेत्र को रैमसर साइट के रूप में प्रस्तावित करने की प्रक्रिया और तेज की जाए। अंतर्राष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट में शामिल बर्ड वॉचिंग टॉवर, इंटरप्रिटेशन गैलेरी, पर्यटक स्वागत केंद्र, प्रकृति अध्ययन केंद्र, सोलर पाथवे, नाव संचलन व्यवस्था, डिजिटल मॉनिटरिंग और जियो-टैगिंग प्रणाली शामिल होंगी।

### गिधवा-परसदा को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की मंशा

यहां विशेष रूप से बारहेड गूज, नॉर्दर्न शवलर, कॉमन टील, पिनटेल डक, पेंटेड स्टॉर्क, ओपनबिल्ड स्टॉर्क, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, सारस क्रेन सहित 270 प्रजाति के पक्षी विचरण करते हैं। गिधवा-परसदा वेटलैंड राज्य ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख बर्ड-वॉचिंग स्थल के रूप में उभर रहा है। गिधवा-परसदा को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य राज्य सरकार की मंशा है। गिधवा-परसदा पक्षी विहार को राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट में भी शामिल किया जा सके। इसके लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास, सूचनात्मक साइनबोर्ड, बर्ड वॉचिंग टॉवर, सोलर लाइटिंग, जैवविविधता अध्ययन केंद्र जैसी योजनाओं पर विस्तार से कार्य किया जाएगा।

## अखिलेश रायपुर, रोहरा बिलासपुर संभाग प्रभारी



भाजपा ने जारी की संभाग प्रभारी-सहप्रभारी की सूची

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने संभाग प्रभारियों और सह प्रभारियों की सूची जारी की है। वहीं पूर्व विधायक नवीन मारकंडे को भाजपा मुख्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जारी सूची के मुताबिक, यशवंत जैन बस्तर संभाग प्रभारी, हरपाल सिंह भामरा सहप्रभारी बनाए गए हैं। अखिलेश सोनी को रायपुर संभाग प्रभारी, राजीव सिंह को सहप्रभारी, जगदीश रामू रोहरा को बिलासपुर संभाग प्रभारी, अभिषेक शुक्ला को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं जगन्नाथ पाणिग्रही को दुर्ग संभाग प्रभारी और अवधेश सिंह चंदेल को सरगुजा संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

न्यायालयः मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारीः शक्ति सिंह राजपूत)
प्रोसेस क्रमांक- 1768/2025
मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण क्रमांक-65/2025
पेशी तिथि- 08.01.2026

**ईश्तहार**

रीना अग्रवाल वगैरह....आवेदकगण
-बनामः-
संजय राम रवानी वगैरह..........अनावेदकगण

प्रेषितिः- अनावेदक क्रमांक (1) संजय राम रवानी पिता दुर्गाराम रवानी, उम्र 48 वर्ष, निवासी-ग्राम AD.CH. Ranchi (झारखंड) (वाहन ट्रक क्रमांक-CG04/NU-6611 का चालक)
अनावेदक क्रमांक-(3) संजय कुमार जैन C/O दिलरंजन कुमार सिंह, निवासी-535 आकाश नगर बीरगांव रायपुर, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) (वाहन ट्रक क्रमांक-CG04/NU-6611 का स्वामी)

आवेदिकागण रीना अग्रवाल पति स्व. संजय अग्रवाल, उम्र-49 वर्ष, निवासी-वार्ड नंबर-05 नैला, पुलिस चौकी नैला, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर से अनावेदकगण संजय राम रवानी वगैरह के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम के तहत मोटर दुर्घटना में संजय कुमार अग्रवाल की मृत्यु होने जाने के कारण अनावेदकगण से क्षतिपूर्ति राशि 2,26,00,000/- रुपये दिलाये जाने के लिये आवेदन दिया है।

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में स्वतः अथवा अपने अभिभाषक अथवा आपकी ओर से नियुक्त प्रतिनिधि के माध्यम से नियत तिथि दिनांक-08/01/2026 को सुनवाई हेतु इस न्यायालय के समक्ष समय 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यदि किसी कारणवश दिनांक-08/01/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

स्थान- जांजगीर
दिनांक-05.12.2025

(शक्ति सिंह राजपूत)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

# वक्फ की संपत्तियों को अब 8 फरवरी तक किया जाएगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड को संपत्तियों को पोर्टल में अपलोड करने के लिए दो माह का अतिरिक्त समय मिला है। अब प्रदेश का वक्फ बोर्ड 8 फरवरी 2026 तक संपत्तियों को अपलोड कर सकेगा। केंद्रीय पोर्टल में संपत्तियों को अपलोड करने का समय 6 दिसंबर तक था।

ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ अधिकरण, रायपुर के समक्ष मौजूदा वक्फ संपत्तियों की अपलोडिंग के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किए जाने 8 दिसंबर को आवेदन किया गया था। इस आवेदन के बाद वक्फ अधिकरण रायपुर के पीठासीन अधिकारी कमलेश कुमार जुर्री तथा न्यायिक सदस्य हामिद हुसैन द्वारा मंगलवार को आदेश जारी करते हुए वक्फ संपत्तियों को पोर्टल में अपलोड किए जाने हेतु दो माह का समय प्रदान किया है।

### जानकारी अब तक अपलोड नहीं

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के मार्गदर्शन एवं सदस्यों तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी की देख-रेख में वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकांश मौजूदा वक्फ संपत्तियों की अपलोडिंग का काम 6 दिसंबर तक किया गया है। वक्फ अधिकरण द्वारा पारित आदेश के पालन तथा अध्यक्ष डॉ.सलीम राज के निर्देशानुसार प्रदेश में स्थित वक्फ संस्था के मुतवल्ली जिन्होंने अब तक वक्फ सम्पत्तियों की जानकारी पोर्टल में अपलोड नहीं की है, उन्हें 8 फरवरी के पहले वक्फ संपत्तियों की जानकारी पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपलोड कराने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रारूप - 37
(नियम 61 (3) देखिए)
**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना**
**(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)**

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 457 तारीख 05.12.2025

श्री/श्रीमती/कुमारी **DHARMESH, S/O-BHAGAVAT TANDAN, HNO-95 WARD NO-07, GHUTUR KUNDI PO-DULLAPUR, KAWARDHA, DIST-KABEERDHAM (CG)-491559** (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि **Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur** (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PT5450 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51(5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ग्राम कोलर, प.ह.नं. 10
रा.प्र.क्र.202511116300020/अ-27/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण भगवंतीन पिता बुधु, गीता पिता बुधु निवासी ग्राम कोलर उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम कोलर प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 42/2, 412/12 रकबा क्रमशः 0.0650, 0.3030 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में भगवान सिंह, - भगवंतीन, गीता पिसरान बुधू के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। आवेदिकागण द्वारा उक्त भूमि का बराबर बराबर हिस्सों में खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 22/12/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 05/12/2025 को जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर की शहर विकास योजना क्रमांक 4 कमल विहार में परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 380/1 का भाग रकबा 192.50 वर्गमीटर याने 2071 वर्गफुट भूखंड क्रमांक ए-37 सेक्टर-8 ए मौजा ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री श्यामसुंदर प्रसाद गुप्ता पिता श्री दशरथ प्रसाद गुप्ता निवासी दावड़ा कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुरछ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 380/1 का भाग रकबा 192.50 वर्गमीटर याने 2071 वर्गफुट भूखंड क्रमांक ए-37 सेक्टर-8 ए जो कि रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर की शहर विकास योजना क्रमांक 4 कमल विहार, को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 25 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 09-12-2025

**रविन्द्र मिश्रा (अधिवक्ता)**
**महामाया मंदिर के पास भनपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9977251899**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7523 दिनांक 25.10.2021 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट- 22/302 को **श्रीमती हेमलता वर्मा पति श्री दिलेश्वर वर्मा एवं श्री दिलेश्वर वर्मा पिता श्री जयकरण वर्मा** के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 04.03.2022 को सेलडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में **श्रीमती हेमलता वर्मा पति श्री दिलेश्वर वर्मा एवं श्री दिलेश्वर वर्मा पिता श्री जयकरण वर्मा,** निवासीः- एल.आई.जी. फ्लैट-22/302, सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री बीरेन्द्र तिवारी पिता श्री श्याम सुन्दर तिवारी**, निवासीः - 860, रामेश्वर नगर, महामाया मंदिर के पीछे भनपुरी, धरसींवा, बीरगांव, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एल. आई.जी. फ्लैट- 22/302 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर - 18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांकः- 08/12/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना पटवारी हल्का नम्बर 80 राजस्व निरीक्षक मण्डल-रायपुर- 18, कान्दुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में आवेदकगण 01. कमलेश कुमार साहू पिता तुलसी राम साहू निवासी शांति नगर रायपुर, 02. विजय सोनी पिता स्व. गयाराम सोनी निवासी रायपुरा, रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 549/3 रकबा 0.208 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / / वाचक/ अति.तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांकः- 17/06/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- 24/12/2025 को किया जाना नियत है। अतः एवं उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. 18 कांदुल**

# बिना परमिशन चल रहे निजी अस्पताल पर जुर्माना, पंजीयन का आवेदन भी निरस्त

## अभनपुर के ग्राम कोलर में संचालित हो रहा था हास्पिटल, सीएमएचओ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अनुमति के लिए पेंडिंग आवेदन के भरोसे संचालित हो रहे निजी हास्पिटल पर 20 हजार का जुर्माना किया गया है। इसके साथ पंजीयन के लिए प्रस्तुत आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। अभनपुर के ग्राम कोलर में संचालित हास्पिटल की जांच में नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन पाया गया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ द्वारा अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पतालों में लागू नर्सिंग होम एक्ट का पालन कराने के लिए गंभीर हो गया है। अस्पतालों के खिलाफ आने वाली शिकायतों के आधार पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी सिलसिले में अभनपुर के ग्राम कोलर के बसस्टैण्ड के समीप संचालित निजी नवजीवन हास्पिटल के खिलाफ जुर्माना किया गया है। शिकायत आई थी कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं किया जा रहा है। इस आधार पर अभनपुर के बीएमओ ने अस्पताल जाकर जांच की, तो पता चला कि अस्पताल का पंजीयन अभी विभागीय स्तर पर पेंडिंग है और उसी आवेदन के आधार पर उसके द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा है। जांच के दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों को मांगे गए दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया गया और अस्पताल भवन अभी पूरी तरह तैयार नहीं है। इस रिपोर्ट के आधार पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पिछले दिनों नवजीवन हास्पिटल पर 20 हजार जुर्माना लगाने के साथ पंजीयन के लिए प्रस्तुत किए गए आवेदन को निरस्त किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### कुछ और हास्पिटल जांच के दायरे में

नर्सिंग होम एक्ट का सख्ती से पालन नहीं किए जाने के मामले में राजधानी सहित ग्रामीण इलाकों में संचालित कुछ मध्य आकार के निजी हास्पिटल भी जांच के दायरे में हैं। उनके द्वारा पंजीयन प्राप्त करने विभाग को गलत जानकारी दी गई थी। संबंधित क्षेत्र की टीम जांच के बाद रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ समय पहले नर्सिंग होम एक्ट के तहत एक निजी हास्पिटल का लाइसेंस निरस्त करने की सिफारिश भी विभागीय स्तर पर विचाराधीन है।



### आयुष्मान योजना, तीन अस्पतालों का मामला पेंडिंग

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान योजना के हितग्राहियों के इलाज के दौरान गलत पैकेज और अतिरिक्त राशि लिए जाने के मामले में आठ अस्पतालों के खिलाफ अलग-अलग अवधि की निलंबन की कार्रवाई की गई थी। इसके साथ ही राजधानी के तीन बड़े निजी हास्पिटलों के खिलाफ एक्शन लेने सिफारिश भी हुई थी। इन अस्पतालों द्वारा मरीजों से इलाज के दौरान ज्यादा राशि लेने का आरोप था। तीनों हास्पिटल को नोटिस जारी किया गया, मगर उनके खिलाफ किसी तरह का एक्शन नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप

### मुक्तिधामों की बदहाल स्थिति पर हाईकोर्ट का निर्देश स्वागयोग्य

रायपुर। सामाजिक न्याय कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा राज्यभर के मुक्तिधामों (शवदाह गृह) की बदहाल स्थिति पर दिए गए ऐतिहासिक निर्देशों एवं टिप्पणियों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा यह स्पष्ट करना कि गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार संविधान के तहत जीने के अधिकार का हिस्सा है, मानवीय दृष्टिकोण है। यह निर्णय मृतक के प्रति सम्मान एवं जीवित परिवारजनों की गरिमा को अनुच्छेद 21 के तहत संवैधानिक अधिकार प्रदान करता है। श्री नायक ने कहा कि राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अधिकांश मुक्तिधाम बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वच्छ पानी, बिजली, शौचालय, शेड, उचित बाउंड्री एवं पहुंच मार्ग से वंचित हैं। इस संदर्भ में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा द्वारा बिलासपुर जिले के बिल्हा क्षेत्र के अंतर्गत रहंगी मुक्तिधाम की अव्यवस्था देखकर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई प्रारंभ करना न्यायपालिका की संवेदनशीलता, सक्रियता एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकार के मूलभूत सिद्धांतों से जुड़ा हुआ है।

## निधन

### सुभाष धुप्पड़



रायपुर। डूंगाजी कॉलोनी निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी सुभाष धुप्पड़ का 8 दिसंबर को मुंबई में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 दिसंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे डॉ. श्रीराम धुप्पड़ के छोटे भाई, तमन्ना धुप्पड़ के पिता एवं मनीष, सुनील और गौरव धुप्पड़ के चाचा थे।

### डॉ. विनोद तिवारी



रायपुर। ब्राह्मणपारा कंकाली तालाब निवासी डॉ विनोद तिवारी (जुलुम वाले) का 9 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 दिसंबर को अपरान्ह 12 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अनुराग तिवारी, अनिरुद्ध तिवारी के पिता थे।

# डाक्टर बनकर नजदीकियां बढ़ाई, फोटो से अश्लील तस्वीरें बनाकर किया ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर की एक महिला कांस्टेबल हुई ब्लैकमेलिंग एवं ठगी का शिकार

राजधानी रायपुर में एक महिला कांस्टेबल भी ब्लैकमेलिंग और ठगी का शिकार हो गई। एक आरोपी ने शादी डॉट कॉम के माध्यम से खुद को डाक्टर बताकर पहले महिला से नजदियां बनाईं और फिर उसकी फोटो को एडिट कर अश्लील फोटो में बदलकर उसे वायरल करने की धमकी देकर उससे 4 लाख रुपए वसूल लिए। इस घटना की रिपोर्ट महिला कांस्टेबल ने पुरानी बस्ती थाने में दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला कांस्टेबल की आरोपी के साथ पहचान शादी डॉट कॉम वेबसाइट के माध्यम से हुई थी। इस शादी डॉट कॉम में आरोपी ने अपने बायोडॉटा में दिल्ली का निवासी के साथ डाक्टर होना बताया था। इस तरह आरोपी ने डाक्टर बनकर महिला कांस्टेबल को अपने झांसे में लिया। वेबसाइट से पहचान होने के बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच लगातार फोन पर भी बातचीत होने लगी, जिससे उनके बीच नजदियां भी बढ़ने लगी। एक दिन डाक्टर रायपुर आकर कांस्टेबल से मिलने भी पहुंचा और यहां उसके साथ अनाचार करने का प्रयास भी किया, लेकिन जब महिला ने इसका विरोध किया, तो वह बदसलूकी में उतर आया। इसे लेकर जब दोनों के बीच संबंध बिगड़ गए, तो आरोपी ने ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी।

### महिला कांस्टेबल से वसूले चार लाख



### ब्लैकमेलिंग से तंग आकर महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट

पुलिस के अनुसार महिला कांस्टेबल से संबंध बिगड़ने के बाद आरोपी ने महिला के एक सामान्य फोटो को एडिट कर अश्लील में बदल दिया और फिर उसी फोटो को वायरल करने की धमकी देकर महिला को ब्लैकमेल करने लगा। इस दौरान आरोपी ने महिला से 4 लाख रुपए भी वसूल लिए, लेकिन इसके बाद भी वह लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए और पैसों की मांग करता रहा। इस प्रताड़ना और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर महिला ने आखिरकार हिम्मत करते हुए इस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

### एफआईआर दर्ज कर तलाश में जुटी पुलिस

पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 308, 318, 351, 62 और 64 के तहत अपराध दर्ज करते हुए उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने वेबसाइट पर खुद को दिल्ली का निवासी बताया है। इस आधार पर पुलिस उसे तलाश कर रही है।

# तेलीबांधा चौक के पास 9 मंजिला ट्रेड टॉवर ऑनलाइन टेंडर में 7 एजेंसियों ने भरी निविदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डिजाइन तैयार, निर्माण के लिए जल्द तय होगी एजेंसी

राजधानी के तेलीबांधा चौक के पास 9 मंजिला टेक्निकल टॉवर का निर्माण कराया जाएगा, जो को-वर्किंग स्पेस, आफिस, हॉटल और कारोबार के लिए होगा। इससे रायपुर में आईटी सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम की योजना शाखा ने ट्रेड टावर निर्माण के लिए ऑनलाइन टेंडर किया है। इसमें 7 एजेंसियों ने दिलचस्पी दिखाई है। ट्रेड टॉवर की ड्राइंग डिजाइन तैयार है, निर्माण के लिए जल्द एजेंसी तय होगी।

दरअसल, 40 करोड़ की लागत से तेलीबांधा में कृष्णकुंज परिसर के 2 एकड़ क्षेत्र में नगर निगम 9 मंजिला टेक्निकल टॉवर का निर्माण कराएगा, जहां युवाओं के लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा मिलेगी। यह एक ऐसा प्लान है, जहां आईटी सेक्टर में शहर के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। मल्टीनेशनल कंपनियां इस कैंपस में कांफ्रेंस कर सकेंगी और अपने प्लान को युवाओं के साथ साझा कर सकेंगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक ट्रेड टावर में मल्टीलेयर पार्किंग स्पेस, क्लब हाउस और हॉटल जैसी सुविधाएं होंगी। इसी जगह को मल्टीनेशनल कंपनियों को बैठक करने नगर निगम उपलब्ध कराएगा।

### इस तरह से होगा ट्रेड एंड आईटी टॉवर

- दो बेसमेंट पार्किंग की सुविधा
- फायर फाइटिंग, एयरकंडीशनिंग
- लैंड स्केपिंग, ग्रीन स्पेस की सुविधा
- फर्स्ट फ्लोर में को वर्किंग स्पेस, सेकेंड में आडिटोरियम रहेगा
- थर्ड फ्लोर में रूफ टॉप रेस्टारेंट
- चौथे और पांचवे फ्लोर में कार्पोरेट आफिस
- छठवें फ्लोर में क्लब हाउस
- सातवें और आठवें फ्लोर में हॉटल की सुविधा
- नौवें फ्लोर पर सुंदर टैरेस तैयार किया जाएगा

### जल्द बनेगा ट्रेड टेक्निकल टॉवर

युवाओं को ज्यादा से ज्यादा तकनीकी क्षेत्र में मौका उपलब्ध कराने तेलीबांधा चौक के पास 9 मंजिला ट्रेड टेक्निकल टॉवर बनेगा। नगर निगम का यह टेक्निकल टॉवर होगा, जहां युवाओं के लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा मिलेगी।

*- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर*


# 3 बड़े बकायादारों से 23 लाख से अधिक की वसूली



रायपुर। नगर निगम ने मंगलवार को 3 बड़े बकायादारों के स्थल को सीलबंद करते हुए 23 लाख 54 हजार 60 रुपये की वसूली की। जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी के निर्देश पर जोन 1 की टीम ने बड़े बकायादारों के खिलाफ मुहिम चलाई। चारुलता बेन ईश्वर पेपर मिल गोंदवारा पर 9 लाख 67 हजार 529 रुपये, दीपक कुमार पटेल हिन्द पाइप पर 10 लाख 29 हजार 91 रुपये एवं सुनील टिम्बर मार्केट नरेश गौनियाल पर 3 लाख 57 हजार 440 रुपये की राशि बकाया थी। जोन 1 की टीम ने तीनों संस्थानों पर सीलबंदी करते हुए बकाया राशि की वसूली की। इस दौरान स्थल पर ही 3 संबंधित बड़े बकायादारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया। इस दौरान जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन, उप अभियंता अंकिता सोनवर्षा, राजस्व निरीक्षक आशीष शर्मा, संतोष साहू एवं अरविन्द छेदइया उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में एनटीपीसी का इलेक्ट्रॉन क्विज 12 दिसंबर को




रायपुर। एनटीपीसी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉन क्विज-2025-26 का क्षेत्रीय दौर 12 दिसंबर 2025 को अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में आयोजित है। इसका उद्देश्य युवाओं में तकनीकी ज्ञान, नवाचार और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करना है। रायपुर राउंड में विजेता टीम को 60,000, रनर-अप को 40,000 और तीसरा स्थान पाने वाली टीम को 20,000 रुपए पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि चौथे से छठवें स्थान तक की टीमों को 8,000 रुपए सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। यहां से शीर्ष दो टीमें नेशनल सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी, जो 18 दिसंबर को नोएडा स्थित एनटीपीसी-पॉवर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में होगा। नेशनल फिनाले 19 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

### होंडा एक्टिवा लेकर आया दिसंबर का महाबचत ऑफर



रायपुर। होंडा टू-व्हीलर्स इंडिया ने दिसंबर की शुरुआत ग्राहकों के लिए जबरदस्त बचत ऑफर के साथ की है। कंपनी ने अपनी लोकप्रिय स्कूटर रेंज एक्टिवा 110सीसी और एक्टिवा 125सीसी पर आकर्षक 'दिसंबर महाबचत ऑफर' की घोषणा की है, जिसमें ग्राहकों को कुल 9000 रुपए तक के लाभ मिल रहे हैं। ऑफर के तहत कंपनी सिर्फ 4999 रुपए की आसान डाउन पेमेंट के साथ स्कूटर घर ले जाने का मौका दे रही है। इसके अलावा ग्राहकों को 5000 रुपए कैशबैक, 2000 रुपए कैश डिस्काउंट और 2000 रुपए का एक्सचेंज बोनस भी दिया जा रहा है। विश्वसनीयता, आरामदायक राइड और बेहतर माइलेज के लिए मशहूर होंडा एक्टिवा अब छत्तीसगढ़ में 77,351/- की एक्स-शोरूम कीमत से उपलब्ध है। वर्षांत और त्योहारी माह को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने यह ऑफर पेश किया है, ताकि ग्राहक किफायती दामों पर अपनी पसंदीदा स्कूटर खरीद सकें। यह विशेष ऑफर पूरे दिसंबर 2025 तक मान्य रहेगा और स्टॉक समाप्त होने तक उपलब्ध रहेगा।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का अंतर क्षेत्र क्रिकेट टूर्नामेंट: अंबिकापुर क्षेत्र बना चैंपियन




रायपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर अंचल द्वारा साहिल क्रिकेट अकादमी ग्राउंड, नरदहा में अंतर क्षेत्र क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स डे के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में अंबिकापुर, भुवनेश्वर, संबलपुर, रायपुर ए और रायपुर बी की टीमें शामिल थीं। रोमांचक मुकाबलों के बीच अंबिकापुर क्षेत्र ने फाइनल में रायपुर बी को 2 रन से हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम की। फाइनल में रायपुर बी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, जिसके बाद अंबिकापुर ने निर्धारित ओवरों में 64/7 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में रायपुर बी 62/8 ही बना सकी। अंबिकापुर के अनूप सतपथी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार ऋषभ को, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सौम्य रंजन बेहरा को और सर्वश्रेष्ठ फील्डर/विकेटकीपर का पुरस्कार राजेश चौहान को मिला। मुख्य अतिथि अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक ने विजेताओं को सम्मानित किया और खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की।

### कृष्णा विकास ग्रुप का वार्षिक समारोह 'वाइब्रेंस' संपन्न




रायपुर। कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपने वार्षिक समारोह वाइब्रेंस 2025 का आयोजन 'संस्कृति की नींव, विकास की उड़ान' थीम पर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद थे। समारोह का शुभारंभ चेयरमैन दासारी मुरली कृष्णा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, इसके बाद छत्तीसगढ़ का राज्यगीत और म्यूजिकल बैंड का प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एसएन पांडा ने स्वागत भाषण दिया, जबकि प्रबंध निदेशक विवेक दासारी ने भविष्य की पहलों और अनुसंधान नवाचार पर प्रकाश डाला। चेयरमैन ने छात्रों और शिक्षकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए आने वाली कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें नृत्य, संगीत, योग और पर्यावरण जागरूकता शामिल थे। समारोह में 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। वाइब्रेंस 2025 ने रचनात्मकता, प्रतिभा और एकजुटता का उत्सव सफलतापूर्वक मनाया।




## पेज 11 के शेष...

### ओपीडी में घुसी 'ठंड', मरीज...

शुरू होती है, मगर ठंड के दिन में इसकी शुरुआत सुबह 9 बजे से की जाती है। छत्तीसगढ़ कड़ाके की ठंड की चपेट में आ चुका है, मगर शासकीय अस्पतालों की ओपीडी में बदलाव नहीं किया गया है। शहर के डीकेएस, जिला और आंबेडकर अस्पताल में रोजाना दो हजार से ज्यादा मरीज पहुंचकर ब्राह्य रोग विभाग में अपनी जांच और आवश्यक इलाज कराते हैं। पिछले कुछ समय से इनकी दिक्कत बढ़ी हुई है, क्योंकि इन अस्पतालों में ज्यादातर डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ अपने निर्धारित टेबल पर समय पर नहीं मिल रहे हैं। सुबह आठ बजे पर्ची कटवाकर मरीज विभिन्न विभागों में पहुंच जा रहे हैं, मगर डाक्टर सहित अन्य स्टाफ 9 बजे के बाद ही अपनी टेबल पर पहुंचकर मरीजों की जांच शुरू कर रहे हैं। चिकित्सकीय स्टाफ के देर से आने की वजह से मरीजों को ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है और निर्धारित समय तक अन्य दिनों की तुलना में कम मरीजों को इलाज का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठंड को ध्यान में रखकर ओपीडी की टाइमिंग में बदलाव किया जाता है। सामान्यतः यह बदलाव जनवरी में किया जाता है, मगर इस बार ठंड दिसंबर में अपना असर दिखा रही, इसलिए मरीजों की तकलीफें बढ़ी हुई हैं।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा के ..

इन आरक्षकों की भर्ती होने से प्रदेश के मैदानी फोर्स की कमी दूर होगी, वहीं पुलिस की गतिशीलता, तकनीकी दक्षता एवं परिचालन क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी।

***रायपुर जिले में 559 में से 558 अभ्यर्थियों का चयन:*** रायपुर जिले में कुल 559 आरक्षकों के पदों के लिए वर्ष 2023-24 रायपुर रेंज अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण केंद्र माना रायपुर में 16 नवंबर 2024 से 17 जनवरी 2025 तक आरक्षक जीडी, आरक्षक-चालक एवं आरक्षक ट्रेड टेलर पद के लिए दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता की परीक्षा हुई थी। इसके बाद 14 सितंबर को व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित कर इसके परिणाम घोषित किए गए थे। इस परिणाम के बाद शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा के प्राप्त अंकों तथा अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत बोनस प्रमाण पत्र के आधार पर प्रवीण्यता की सूची तैयार की गई है। इस सूची के अनुसार ही आरक्षक संवर्ग चयन समिति के अध्यक्ष ने चयन और प्रतीक्षा सूची जारी की है।

### बस्तर संभाग में 1592 आरक्षक...

103 एवं दंतेवाड़ा में 55 आरक्षकों के स्वीकृत पदों के अनुसार चयन किया है। कुल 1592 आरक्षकों में 464 महिला अभ्यर्थी हैं। इसी प्रकार मोटर वाहन चालक एवं ट्रेड आरक्षक के पदों पर सभी सात जिलों में 91 अभ्यर्थियों का चयन हुआ हैं।

### दिल्ली-मुंबई सहित चार...

नहीं हुआ। इससे करीब पांच सौ लोगों की यात्रा प्रभावित हुई। रायपुर से सुबह आठ बजे कोलकाता जाने वाली फ्लाइट ने उड़ान नहीं भरी। इसके बाद शाम साढ़े 5 बजे मुंबई के लिए रवाना होने वाली, करीब 6 बजे दिल्ली के लिए टेकऑफ होने वाली और साढ़े 6 बजे हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाली एक-एक फ्लाइट नहीं चली। इन शहरों के लिए रायपुर से एक से ज्यादा विमानों का संचालन होता है, इसलिए यात्रियों को ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। इन फ्लाइट के यात्रियों को अपना रिफंड लेने अथवा वैकल्पिक फ्लाइट का उपयोग करने का मौका दिया गया। सूत्रों के अनुसार पिछले बुधवार से प्रभावित विभिन्न शहरों की उड़ान की वजह रायपुर से तीन बार छोटे (चार्टर) प्लेन का उपयोग भी किया गया था। सूत्रों का का कहना है कि इनकी बुकिंग विशेष पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए की गई थी।

### बूढ़ातालाब का म्यूजिकल ...

नहीं होने पर अनुबंध निरस्त करने और परफार्मेंस गारंटी राजसात करने की चेतावनी दी गई है। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वकआर्डर के माध्यम से मेसर्स एमएमआर इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड जुबली हिल्स हैदराबाद तेलंगाना को बूढ़ातालाब में म्यूजिकल फाउंटेन के प्रदाय एवं स्थापना कार्य संचालन एवं संधारण सहित प्रदाय किया गया था। 5 दिसंबर को महापौर मीनल चौबे द्वारा बूढ़ातालाब का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान म्यूजिकल फाउंटेन के बंद होने पर महापौर द्वारा जमकर नाराजगी व्यक्त की गई। स्थल निरीक्षण में यह पाया गया कि बूढ़ातालाब स्थित म्यूजिकल फाउंटेन एक अरसे से बंद है, इसके रखरखाव और संचालन की ओर एजेंसी ध्यान नहीं दे रही है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय खिलाड़ियों ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रायपुर।** श्रीलंका के कोलम्बो में विगत दिनों तीन दिवसीय आयोजित वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते, जिनमें प्रदीप छत्रीय सिल्वर मेडल, ओमन ठाकुर कांस्य पदक, मानस्वामी ठाकुर कांस्य पदक, देवेंद्र वर्मा गोल्ड मेडल, सूर्यभान गोल्ड मेडल व डेडलिफ्ट सिल्वर, शानू राय गोल्ड मेडल, बी. करुन्या राव जैसे खिलाड़ियों को प्रमुख उपलब्धियां शामिल हैं, जिन्होंने देश का नाम रोशन किया। सभी खिलाड़ियों ने छग के राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इसी दौरान राज्यपाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, कोच लखपति सिंदूर, पिंटू कुमार वर्मा, सीनियर पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव उदल कुमार वाल्मीकि, इंडिया टीम के मुख्य कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक उपस्थित थे।

### आम जनता की समस्याओं को लेकर आज निकलेगी रैली

**रायपुर।** राज्य की ज्वंलत समस्याओं के खिलाफ राज्य सांगठनिक समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 10 दिसंबर को आंबेडकर चौक से राज्यस्तरीय रैली निकाली जाएगा। साथ ही प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस संबंध में समिति के सचिव विश्वजीत हारोड़े ने बताया कि आज छग की आम जनता बिजली बिल वृद्धि, स्मार्ट मीटर, बेरोजगारी, महंगाई, स्कूल बंद करने की नीति, हसदेव जंगल कटाई, बहुत कम वेतन या मानदेय में काम करना, शिक्षा व चिकित्सा व्यवस्था सहित कई समस्याओं से ग्रस्त है। इसके अलावा लाखों अनियमित कर्मचारी और तमाम तरह के प्लेसमेंट कर्मचारी आदि जबरदस्त शोषण से ग्रस्त हैं। ऐसी कई समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

### पीएससी में चयनित विद्या भारती संस्थान के पूर्व छात्रों का सम्मान



**रायपुर।** विद्या भारती द्वारा पूरे भारत में सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से विद्यालय संचालित किए जाते हैं, जिसमें अरुण से द्वादश कक्षा तक अर्थात केजी 1 से 12वीं तक की शिक्षा दी जाती है। पूरे छत्तीसगढ़ के भी प्रत्येक जिले में यह संस्था संचालित है, जिसमें से विभिन्न विद्यालयों के 22 पूर्व छात्र, जिनका चयन सन 2024 छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में हुआ, जिनका सम्मान समारोह विगत दिनों सरस्वती शिक्षा संस्थान रोहिणीपुरम में किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारी अवधेश त्रिवेदी एवं मुख्य वक्ता विद्या भारती छग के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू ने संबोधित किया एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि मैं भी सरस्वती शिशु मंदिर का ही छात्र हूं और कभी हिंदी में बात करने में मैंने हीनता का बोध नहीं किया। मैंने अंग्रेजी में भी पढ़ाई की है, मुझे अंग्रेजी आती है, फिर भी मैंने पीएससी की परीक्षा में अपनी भाषा हिंदी को ही चुना और इंटरव्यू में भी मैंने हिंदी का ही चुनाव किया।

# जीएसटी कम होने पर पहले कागजों में कम किए सीमेंट के दाम, अब फिर बढ़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

जीएसटी में बदलाव के कारण सीमेंट की कीमत में दस फीसदी कमी होने का जो लाभ ग्राहकों को मिलना चाहिए, वह एक तो अब तक मिला नहीं है। प्रदेश में सीमेंट कंपनियों ने सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट के दाम तो 25 रुपए कम कर दिए थे, लेकिन खुले बाजार के सीमेंट में संभावना की तरह का खेल कर दिया गया। इसमें सीमेंट कंपनियों ने कागजों में ही दाम कम करने का खेल किया। सीमेंट कंपनियां पहले 300 से 320 रुपए तक बिलिंग करती थीं। अलग-अलग कंपनियों के डिस्काउंट के कारण सीमेंट 250 से 270 रुपए में डीलरों को मिलता था। कंपनियों ने बिलिंग में दाम 30 रुपए कम करके 270 से बिलिंग 290 रुपए कर डिस्काउंट कम कर दिया है। अब सीमेंट कंपनियों ने 20 रुपए तक दाम बढ़ाने की तैयारी कर ली है।

जीएसटी के स्लैब में जब 22 सितंबर से बदलाव किया गया, तो सीमेंट में पहले जो 28 फीसदी जीएसटी लगता था, उसको 18 फीसदी में लाया गया। ऐसे में कायदे से इसके दाम दस फीसदी कम होने से 25 से 30 रुपए का फर्क आना चाहिए, लेकिन आम आदमी की पहुंच वाले खुले बाजार के सीमेंट के दाम कम न होकर और ज्यादा हो गए।

## 20 रुपए दाम बढ़े तो दाम हो जाएंगे थोक में 300 रुपए के पार और चिल्हर में मिलेगा 330 रुपए तक

### ऐसे किया बिलों में खेल

अपने प्रदेश में कई कंपनियों के सीमेंट बिकते हैं। इसके दाम खुले बाजार में 250 से लेकर 300 रुपए या इससे ज्यादा भी रहते हैं। जानकारों का कहना है कि ज्यादातर कंपनियां पहले से ही बिलों में खेल करती हैं। सीमेंट के दाम बिल में ज्यादा रहते हैं और उसमें अलग-अलग तरह के डिस्काउंट देकर दाम को कम कर दिया जाता है। जिस कंपनी को अपना सीमेंट 250 रुपए में बेचना रहता है, उसकी बिलिंग 300 रुपए तक रहती है। इसमें 50 रुपए का डिस्काउंट दिया जाता है। ऐसे में विक्रेताओं को यह 250 रुपए में मिल जाता है तो ग्राहकों को 260 रुपए में बेच देते हैं। इसी तरह से जिन कंपनियों को अपना सीमेंट 270 रुपए तक बेचना रहता है, वो कंपनियां इसकी बिलिंग 320 रुपए कर करती हैं। जीएसटी में बदलाव के बाद कंपनियों ने सरकार को दिखाने के लिए अपनी बिलिंग 270 से 290 रुपए कर दी और यद दिखाया गया कि दाम 30 रुपए कम कर दिए गए है।



### नहीं मिल रहा फायदा

पहले विक्रेताओं को 320 रुपए बिल वाला सीमेंट डिस्काउंट के कारण 270 रुपए में मिलता था तो अपना मुनाफा 10 रुपए लेकर उसको 280 रुपए में बेच देते थे। ऐसे में डिस्काउंट के 50 रुपए और मुनाफे के दस रुपए मिलाकर उनको 60 रुपए बच जाते थे। लेकिन डिस्काउंट कम होने के कारण अब मजबूरी में विक्रेताओं को लगभग पुरानी कीमत पर ही सीमेंट बेचना पड़ रहा है, ताकि उनके ग्राहक खराब न हों। कुल मिलाकर जो सीमेंट पहले ग्राहकों को 290 से 300 रुपए में मिल रहा था, वह जीएसटी कम होने से 260 से 270 रुपए में मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। विक्रेताओं को अब 290 रुपए बिलिंग में सीमेंट मिल रहा है और इसमें 20 रुपए तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। ऐसे में विक्रेताओं को सीमेंट 270 रुपए में मिल रहा है तो इसको थोक में 280 से 290 और चिल्हर में 300 से 310 रुपए में बेच रहे हैं। इसी दाम पर पहले भी सीमेंट बिक रहा था। अब दाम बढ़ाने की तैयारी है तो 20 रुपए दाम बढ़ने पर सीमेंट के दाम थोक में ही 300 के पार हो जाएंगे और चिल्हर में यह 330 रुपए तक हो जाएगा।



## मांगों को लेकर धुमाल संचालकों ने निकाली रैली प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका

**रायपुर।** राजधानी में धुमाल संचालकों ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को महात्मा गांधी सदन के सामने स्थित गार्डन से गृहमंत्री निवास जाने के लिए रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने ओसीएम चौक के पास आगे बढ़ने से रोक दिया। धुमाल वालों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को 4 सूत्रीय मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा। रैली में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई सहित अन्य स्थानों से धुमाल संचालक शामिल हुए। ट्रैफिक महकमे के कोलाहल अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई से धुमाल संचालक परेशान हैं। इसके विरोध में उन्होंने शहर में रैली निकाली। रैली में शामिल धुमाल संचालकों का कहना है कि आरटीओ से उनकी गाडी को मॉडीफाइड करने अनुमति प्रदान की जाए। नो एंट्री वाले क्षेत्रों में धुमाल डीजे की मनाही वाले नियम को शिथिल किया जाना चाहिए। इन्हीं मांगों को लेकर वे गृहमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपने इकट्ठा हुए हैं। गृहमंत्री निवास के लिए निकले धुमाल संचालकों की रैली को पुलिस ने बैरनबाजार के ओसीएम चौक के पास रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने वहीं पर जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### मंत्रालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

# परिवहन मंत्री कश्यप बोले- ग्रामीण बस योजना गांववालों के लिए जीवनरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय कामकाज की समीक्षा की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति, विशेषकर ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक), ग्रामीण बस योजना और वाहन सुरक्षा से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सचिव परिवहन एस. प्रकाश सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार की ग्रामीण बस योजना गांवों के लोगों के लिए जीवनरेखा की तरह होगी।

**राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में ई-ट्रैक निर्माण की समीक्षा-** बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ के सभी परिवहन कार्यालयों में सेंसर आधारित ऑटोमेटेड कंप्यूटरीकृत ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) बनाने की योजना लागू है। ई-ट्रैक के माध्यम से कुशल चालक ही लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे, जिससे सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड को सौंपी गई है। 24 नवंबर को सचिव सह-परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में समीक्षा करते हुए मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप सभी स्वीकृत आरडीटीसी और डीटीसी भवनों का निर्माण समय पर पूरा होना चाहिए। उन्होंने संचालकों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



### मिलेगी नियमित बस परिवहन सुविधा

बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 की प्रगति का भी विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया। योजना का उद्देश्य ग्रामीण किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों को जनपद, तहसील और जिला मुख्यालय तक सस्ती, नियमित और सुरक्षित बस सुविधा उपलब्ध करवाना है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार, रोजगार, पढ़ाई और चिकित्सा सुविधाओं तक आसान पहुँचना सुनिश्चित किया जाएगा। सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों तक बेहतर आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि यह योजना ग्रामीण विकास और सुगम परिवहन व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### वाहन सुरक्षा के लिए व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्भया फ्रेमवर्क के तहत सार्वजनिक वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटी) और इमरजेंसी बटन लगाने की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अब तक 1 हजार 900 यात्री वाहनों और 5 हजार 800 स्कूल बसों में ट्रैकिंग डिवाइस लगाया जा चुका है। किसी भी आपात स्थिति में पैनिक बटन दबाते ही सूचना परिवहन विभाग के कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से पुलिस विभाग के डायल 112 तक पहुंच जाएगी।

### ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर तकनीकी जांच में बड़ा सुधार

वाहनों की फिटनेस जांच को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य में अब तक 8 ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर (रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, कोरबा, राजनांदगांव, रायगढ) संचालित हैं। मशीनों के माध्यम से की जा रही फिटनेस जांच से तकनीकी गुणवत्ता में सुधार हुआ है। बैठक में अधिकारियों ने मंत्री श्री कश्यप को बताया कि ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटरों के संचालन में गुजरात के बाद छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है, यह राज्य के लिए गौरव की बात है। इसके साथ ही जल्द से जल्द जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, कांकेर, जिला दंतेवाड़ा, सारंगढ़ और सूरजपुर में भी नए ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे।



## धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने टोकन एवं गिरदावरी को लेकर कांग्रेस का कलेक्टोरेट कूच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष ने मांग की है कि धान खरीदी में सोसाइटी की लिमिट सीमा को तत्काल बढ़ाया जाए। साथ ही किसानों को बिना किसी बाधा के धान बेचने टोकन दिया जाए। गिरदावरी के नाम पर प्रति एकड़ कम धान खरीदने की नीति को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा, किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य और पूरा धान बेचने का अधिकार सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान भाजपा सरकार किसानों के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। धान खरीदी में लगाई गई मनमानी सीमाएं और टोकन प्रणाली किसानों को परेशान करने का माध्यम बन गई हैं। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उनके हक की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेगी। यदि सरकार ने शीघ्र इन मांगों को नहीं माना, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने बाध्य होगी। इस दौरान गिरीश देवांगन, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, पंकज शर्मा, उधोराम वर्मा, बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन, डोमेश्वरी वर्मा, प्रवीण साहू, द्वारिका साहू ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल की विशेष रूप से उपस्थित रहें। मोहनलाल वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमल भारती, सुशील जांगड़े, कैलाश जायसवाल, रहमतुल्ला खान, कोमल साहू, विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, सुनील सोनी, देवेंद्र वर्मा, अश्वनी वर्मा, राजू यादव, गावेश साहू, अभिषेक वर्मा मानसिंह गिलहरे, अरुण शुक्ला,सहित किसान एवं सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेलवे कैटरिंग में यात्रियों को मिलेगा विश्वस्तरीय खानपान

# पॉलिसी में संशोधन के बाद अब नई श्रेणी में शामिल होंगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड आउटलेट स्थापित करने विशेष कॉन्फ्रेंस का आयोजन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें देश और विदेश के प्रतिष्ठित खाद्य एवं रिटेल ब्रांडों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट तथा कंपनी-स्वामित्व/संचालित सिंगल-ब्रांड प्रीमियम स्टोर्स की स्थापना के अवसरों पर विस्तृत चर्चा करना था, ताकि यात्रियों को आधुनिक हवाई अड्डों की तरह विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। रेलवे बोर्ड द्वारा कैटरिंग पॉलिसी 2017 में किए गए नवीन संशोधन के तहत प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट को कैटरिंग स्टॉल की नई श्रेणी के रूप में औपचारिक मान्यता प्रदान की गई है। इस नई व्यवस्था के साथ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खाद्य ब्रांडों के कंपनी-स्वामित्व/संचालित या फ्रेंचाइज़ मॉडल के आउटलेट अब रेलवे कैटरिंग ढांचे का हिस्सा बन सकेंगे। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों पर ट्रैवल एक्सेसरीज़, स्पोर्ट्स, परिधान, फुटवियर और अन्य वस्तुओं के लिए भी सिंगल-ब्रांड प्रीमियम स्टोर्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण और विविध उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। क्षेत्रीय/स्थानीय खानपान एवं मिलेट्स आधारित लोकप्रिय खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने के लिए स्टेशनों पर कॉम्पैक्ट मॉड्यूलर काउंटर्स स्थापित करने का प्रस्ताव भी इस पहल का हिस्सा है, जिससे स्थानीय उद्यमियों को अवसर मिलेगा और यात्रियों को स्थानीय स्वाद का अनुभव होगा।




### राष्ट्रीय ब्रांड्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

कॉन्फ्रेंस में कोकाकोला, नेसकैफ़े, अमूल, हल्दीराम, मोतीमहल, बीकाजी, डोमिनोज, बर्गर किंग, बर्गर सिंह, सबवे, ब्रिटेनिया, पिज्जा हट, अरुण आइसक्रीम, लवज्जा कॉफी तथा अन्य राष्ट्रीय ब्रांडो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके साथ ही शहरों की पहचान बन चुके स्थानीय ब्रांड जैसे दुर्ग के श्री जलाराम और तृप्ति, रायपुर के चाय गोविंदम, तथा बिलासपुर के मौसाजी और एबीज़ा, गढ़ कलेवा और सीजी हर्बल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इंटरएक्टिव सत्र में ब्रांड प्रतिनिधियों एवं रेलवे अधिकारियों के बीच आगामी अवसरों, आउटलेट मॉडल्स और स्टेशन स्तर पर उपलब्ध सपोर्ट सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रीमियम ब्रांड आउटलेट्स एवं सिंगल-ब्रांड स्टोर्स की यह पहल रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए यात्री अनुभव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### राज्यपाल से एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिल्वर होलसेल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल रमन डेका से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात सौहार्द्रपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को प्रदेश के स्वर्ण एवं रजत व्यापारियों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। प्रमुख बिंदुओं में प्रदेश के व्यापारियों के लिए व्यापारी पहचान पत्र (आईडी कोर्ड) जारी करने का प्रस्ताव, यात्रा के दौरान व्यापारियों की सुरक्षा व पहचान से जुड़ी चुनौतियां, छत्तीसगढ़ व्यापारियों की विशेष फोन डायरेक्टरी, जो पूरे भारत में प्रकाशित होगी, के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर राज्यपाल ने सभी विषयों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना। प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर उन्होंने सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया एवं आवश्यक सहयोग का आश्वासन भी दिया। बैठक में उत्तम गोलछा, ललित नवलखा, चंद्रप्रकाश गोलछा, पंकज भंसाली, नीरज सांखला, अभय कोठारी आदि शामिल थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



3 करोड़ का तिब्बती वुलन बाजार...

## एजुकेशन अलर्ट

### आरआरबी जूनियर इंजीनियर पदों पर आवेदन का अंतिम दिन आज




**रायपुर।** रेलवे में इंजीनियर बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। आरआरबी की ओर से जूनियर इंजीनियर के करीब 2600 पदों पर भर्ती हो रही है, जिसमें शामिल होने के लिए आवेदन की लास्ट डेट आज यानी 10 दिसंबर निर्धारित है। ऐसे में जो भी अभ्यर्थी जेई पदों के लिए योग्यता रखते हैं, वे बिना देर किए तुरंत ही आरआरबी पोर्टल rrbcdg.gov.in पर जाकर या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक से अप्लाई कर सकते हैं। इसके बाद एप्लीकेशन विंडो क्लोज कर दी जाएगी। आरआरबी जूनियर इंजीनियर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/ संस्थान से संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त होना अनिवार्य है। शैक्षिक योग्यता के साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु में छूट नियमानुसार प्रदान की जाएगी। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

#### 500 रुपए आवेदन शुल्क

फॉर्म भरने के साथ अभ्यर्थी निर्धारित फीस का भुगतान अनिवार्य रूप से करें, बिना फीस के आपका फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन शुल्क जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों को 500 रुपए जमा करना होगा, वहीं एससी, एसटी, पीएच एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन के साथ 250 रुपए भुगतान करना होगा। एप्लीकेशन फीस डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से जमा की जा सकती है। भर्ती से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## सिटी इवेंट

### हर्षा को यूएसए में मिला मिसेज ग्लोबल एशिया-2025 का खिताब



**रायपुर।** भिलाई के चौबे परिवार की बहू हर्षा त्रिपाठी ने संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में आयोजित 13वें ग्लोबल वीमेन फेस्टिवल में मिसेज ग्लोबल एशिया-2025 का खिताब जीता है। एम्पॉवरिंग द्वारा बीते दिनों आयोजित और मेंका सोनी के नेतृत्व में संपन्न 13वें ग्लोबल वीमेन फेस्टिवल में हर्षा त्रिपाठी को यह ताज पहनाया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में हिस्सा लिया। वाराणसी में जन्मी और पली-बढ़ी हर्षा ने कहा कि यह क्षण उनके लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। उनके इस सम्मान को वाराणसी में भी गर्व के रूप में देखा जा रहा है, जहां उन्हें शहर की बेटी के रूप में जाना जाता है।

### परीक्षा पे चर्चा 2026 नौवें संस्करण की शुरुआत 11 जनवरी तक अपलोड कर सकते हैं प्रश्न




**रायपुर।** देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने का एक और सुनहरा अवसर मिल रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो इस श्रृंखला का 9वां संस्करण होगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सभी प्रकार के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकों को पोर्टल पर जाकर अपने प्रश्न पूछने का अवसर सुलभ कराया गया है। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 1 दिसंबर को हो चुकी है और सभी हितग्राही अपने सवाल अपलोड करने के लिए 11 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्रश्नों को अपलोड करने की सुविधा भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से बनाए गए पोर्टल http://innovateindia1.mygov.in पर दी गई है। पोर्टल में प्रवेश करने पर प्रतिभागियों को अभी भाग लें-परीक्षा पे चर्चा 2026 का विकल्प मिलेगा, जहां वे पुरस्कारों के बारे में और जरूरी तारीखें जैसी अन्य जानकारी भी देख सकते हैं। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रतिभागी अपने सवाल अधिकतम 500 शब्दों के भीतर बनाकर रखें। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं। कक्षा 6-12वीं तक के विद्यार्थी स्वयं अपने संसाधन (इंटरनेट, ईमेल आईडी, मोबाइल) से भाग ले सकते हैं।

● विभिन्न प्रकाशनों की सीरीज से करते हैं परीक्षा की तैयारी, बाजार में बिक्री तेज

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने कमजोर बच्चों को लुभा रहे मॉडल पेपर, एक्सपर्ट की सलाह- शॉर्टकट के भरोसे न करें पढ़ाई

"बोर्ड परीक्षा में अब केवल दो महीने का समय बच गया है। हर कोई इन दिनों कम समय में बेहतर पढ़ाई करने में जुट गया है। बाजार में इन दिनों बोर्ड एग्जाम की तैयारी को लेकर कई तरह की किताबें आई हुई हैं। अब ये किताबें कमजोर बच्चों को लुभाने लगी हैं। एग्जाम में पास होने के लिए बड़ी संख्या में बोर्ड के विद्यार्थी अब किताबों का खरीदने लगे हैं, जिसमें संभावित मॉडल पेपर और परीक्षा में आने वाले महत्वपूर्ण सवाल भी शामिल हैं।





**रायपुर।** हरिभूमि ने बाजार में बिक रही सीरीज का जायजा लिया। बाजार में बिकने वाली सीरीज इस बात की गवाही देती है कि अब भी बच्चे सीरीज का दामन पकड़े हुए हैं और उन्हें शॉर्टकट ही पसंद है। वे सालभर पढ़ने की जहमत उठाने और फजीहत से दो-चार होने को तैयार नहीं हैं। सदर बाजार स्थित बुक डिपो के सत्यम चौहान बताते हैं कि बच्चों की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। बच्चे बड़ी तादात में सीरीज खरीदने आ रहे हैं। ज्यादातर बच्चे प्रबोध, नवबोध, अजय माला व निकिता के सॉल्वड और अनसॉल्वड सीरीज लेने आ रहे हैं। जैन बुक डिपो के प्रवीण सोनी बताते हैं कि कोरोनाकाल से ही किताब की जगह मोबाइल ने ले ली है। भले ही किताबों की बिक्री साल दर साल कम हो रही है, लेकिन सीरीज की बिक्री का इस पर कुछ असर पड़ता नहीं दिख रहा है। सीरीज में बच्चे अधिकांशतः प्रबोध और नवबोध ही ले जा रहे हैं।



#### महीनेभर पहले होती है धुआंधार बिक्री

बुक डिपो के राकेश यादव ने बताया कि सीरीज की बिक्री बोर्ड परीक्षा शुरू होने के एक महीने पहले धुआंधार होती है। अभी गिने-चुने बच्चे सीरीज खरीदने आ रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस बार सीरीज की बिक्री कम है। अब तक सीरीज की पहली यूनिट बिक जाया करती थी। इस बार तो पहली यूनिट भी खत्म नहीं हो पाई है। जिन बच्चों की किसी कारणवश सालभर पढ़ाई नहीं हो पाती, वे इन्हें पढ़कर परीक्षा में सम्मानजनक अंक प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। बहुत से बच्चे अपनी तैयारी को धार देने के लिए अनसॉल्वड सीरीज ले जाते हैं।

#### पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए लाभदायक

हरिभूमि ने सीरीज को लेकर व्याख्याता बिहारीलाल शर्मा से बात की। श्री शर्मा बताते हैं कि बहुत से ऐसे बच्चे होते हैं, जो पढ़ाई में काफी कमजोर होते हैं। उनके लिए सीरीज उपयोगी साबित होती है। इन सीरीज में विगत सालों के पेपर होते हैं। बहुत से प्रश्नों की हर साल पुनरावृत्ति होती है। कई बच्चे खराब स्वास्थ्य के कारण सालभर नहीं पढ़ पाते, वहीं कुछ बच्चों को घर की परिस्थिति देखते, काम करते हुए पढ़ना होता है। ऐसे बच्चों का परीक्षा को लेकर एकमात्र उद्देश्य होता है कि किसी भी तरह पास हुआ जाए। इस तरह के सभी बच्चों के लिए सीरीज लाभदायक है। पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को अब सीरीज का सहारा है।

## गोंडवाना महोत्सव में सजी सुरों और संस्कृति की शाम, दर्शकों का मोहा मन

**रायपुर।** गोंडवाना महोत्सव में मंगलवार की शाम संगीत और सुरों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एनके निषाद की भक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुति घर-घर दीया माता से हुई, जिसने माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इसके बाद तारा बोरकर ने पूरे जोश और गर्व के साथ छत्तीसगढ़ राज्यगीत अरपा पैरी के धार प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। हेमंत तिवारी ने रोमांटिक अंदाज में चाँद सी महबूबा हो मेरी गाकर माहौल को रूमानी बना दिया, वहीं योगिता ने दिल तो है दिल.., गीत के माध्यम से भावनाओं को सुरों में पिरोया। सरोज की आवाज में फिल्म 'काला पत्थर' का सुपरहिट गीत बांहों में तेरी मस्ती के फेरे श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर गया। सुबोध फ्रैंकलिन ने प्यार के इस खेल में.. और गोरे रंग पे न इतना गुमान कर..,जैसे लोकप्रिय गीतों से जबरदस्त तालियां बटोरीं। वहीं सारिका वर्मा ने शायद मेरी शादी का ख्याल.. गाकर दर्शकों को पुरानी यादों में डुबो दिया।



#### हर दिन सांस्कृतिक प्रस्तुति का आकर्षण

कार्यक्रम देर रात तक चला और हर प्रस्तुति पर दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। महोत्सव के आयोजक वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेले में हर दिन विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेले की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां रोजाना हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। प्रवेश पूरी तरह निशुल्क होने के साथ ही यहां सभी प्रकार की कलाकृतियां, हुनरमंद कारीगरों के स्टॉल, घरेलू उपयोग की आकर्षक वस्तुएं और मनोरंजन के अलग-अलग झोन एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। लोग शॉपिंग के साथ-साथ सांस्कृतिक झलक का आनंद भी ले रहे हैं।

## नेशनल होम्योपैथी सेमिनार 13 को जुटेंगे 500 विशेषज्ञ चिकित्सक

**रायपुर।** होम्योपैथिक रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा सेकंड नेशनल होम्योपैथिक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 13 से 14 दिसंबर को होटल वुड कैसल वीआईपी रोड में आयोजित है। सेमिनार में देश-विदेश के जाने-माने डॉ. फारूक जे. मास्टर कैंसर पर अपना व्याख्यान देंगे। कैंसर जैसे रोग को कैसे ट्रीट किया जाता है एवं कैसे मैनेजमेंट करते हैं। साथ ही होम्योपैथिक के रेड लाइन लक्षण भी बताएंगे। होम्योपैथिक रिसर्च एवं डवलपमेन्ट एसोसिएशन की पदाधिकारी डॉ. हर्षिता मेहता ने बताया कि कि डॉ. फारूक जे. मास्टर बॉम्बे के कैंसर हॉस्पिटल में ही इलाज करते हैं। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति एक सुरक्षित किफायती और प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, जिसके विभिन्न प्रकार की बीमारियों का बिना किसी दुष्प्रभाव के उपचार संभव है। इस सेमिनार में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य सहित रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने से संबंधित उपयोगी जानकारियां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दी जाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। वहीं सेमिनार की अध्यक्षता श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। विशेष अतिथि डॉ. आनंद चतुर्वेदी अध्यक्ष एनसीएच शिरकत करेंगे। इस सेमिनार में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम चिकित्सकों को लाइफटाइम अचीवमेंट से मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। नेशनल होम्योपैथी कार्यशाला में लगभग पांच सौ चिकित्सकों के शामिल होने की संभावना है।

होम्योपैथिक रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन का दो दिवसीय

हर साल क्रिसमस ट्री और जिंगल बेल, बॉल के दाम में हो रही वृद्धि, घर सजाने का खर्च भी बढ़ा

# क्रिसमस बाजार पर भी महंगाई का असर, प्लम केक-सांता ड्रेस पिछले साल से 200 रुपए तक महंगे

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** क्रिसमस को लेकर चर्च और घरों में तैयारियां जोरों पर हैं। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर चर्च परिसर में आकर्षक झांकी बनाई जा रही है। इस बार क्रिसमस बाजार में भी महंगाई का असर देखने को मिल रहा है। बे करी दुकानों में केक की मांग और दाम दोनों की पिछले साल से अधिक हो चुके हैं। इसके अलावा गुलाब के फूल और सांता क्लॉज की ड्रेस, केक, क्रिसमस ट्री के दामों में इजाफा हुआ है। चर्च के पादरी का भी मानना है कि हर साल क्रिसमस की तैयारियों पर चर्च का खर्च बढ़ता जा रहा है। बाजार में चर्च के रंग रोगन का पांच साल पहले 10 से 15 हजार में हो जाता था, जिसके लिए अब 20 से 25 हजार तक देना पड़ रहा है। शहर में दर्जनभर से अधिक प्रमुख चर्च है, जहां क्रिसमस को लेकर तैयारियां चल रही है। क्रिसमस पर सजावट के सामानों में 100 से 200 रुपए तक इजाफा इस बार देखा जा रहा है। दुकान संचालकों का कहना है कि ड्रेस और ट्री में कई तरह की वैरायटियां आ चुकी हैं। इस वजह से अब हर साल चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं।





#### क्रिसमस ट्री और पेपर स्टार के बढ़े दाम

क्रिसमस में घरों की सजावट के लिए बाजार में विभिन्न तरह के क्रिसमस ट्री और पेपर स्टार उपलब्ध हैं। बूढ़ातालाब स्थित गिफ्ट दुकान के संचालक वेदांत गुप्ता ने बताया कि बाजार में 3 से 10 फीट तक तक के क्रिसमस ट्री हैं, जिसकी कीमत पिछले साल 300 से 1500 तक थी, जो इस बार लोगों को 100 से 200 रुपए महंगे मिल रहे। उन्होंने बताया कि इस बार जो बाजार में आने वाले क्रिसमस ट्री में लाइट, आर्टिफिशियल पेड़ के पत्तों के नई डिजाइन है। इस वजह से दाम बढ़ गए हैं। हर साल नए तरह के क्रिसमस ट्री आते हैं। इन दिनों लोग घर की सजावट के लिए रंगबिरंगी झालर, कलर पेपर, जिंगल बेल, बैलून की भी खरीदारी रहे हैं, यह भी पिछले साल से 50 से 100 रुपए तक महंगे हैं।

#### 200 का प्लम केक इस बार 300 में



क्रिसमस से पहले बाजार में केक की मांग बढ़ जाती है। लोगों ने 15 दिन पहले से चॉकलेट, प्लम केक, चोको लावा, स्ट्रॉबेरी, एप्पल केक का ऑर्डर दे दिया है। समता स्थित ब्रो बैकरी के संचालक कैलाश श्रीवास्तव ने बताया कि क्रिसमस में प्लम केक अधिक खरीदा जाता है। पिछले साल 150 ग्राम का यह केक 200 रुपए में मिलता था, जो अब 300 रुपए हो गया है। इसके पीछे बनावट में अधिक खर्च है। अब सभी केक मशीन के जरिए तैयार किया जा रहा है। इस वजह से दाम भी बढ़ गए हैं। उन्होंने बताया कि लोग अपनी पसंद के अनुसार भी प्लम केक तैयार कराते हैं। इस कारण भी 150 ग्राम केक का रेट 400 रुपए तक भी चला जाता है।

| सामग्री | पिछले साल दाम | इस साल कीमत |
|---|---|---|
| क्रिसमस ट्री | 300- 1500 | 400- 1600 |
| प्लम केक | 200- 300 | 300- 500 |
| सांता फेस, सांता ड्रेस | 120 -500 | 250-600 |
| पेपर स्टार | 50 -100 | 100 -200 |
| जिंगल बेल बॉल | 50-150 | 150-200 |

धर्म लाइव

## गोदड़ीवाला धाम में वर्सी महोत्सव महिला मंडल का सत्संग-कीर्तन



रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब का वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भगवान झूलेलाल के बहराणा साहेब की पूजा-अर्चना करने के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शहरभर भ्रमण के बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समापन किया गया। यह कार्यक्रम में संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से व जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास व महंत अम्मा मीरा देवी के नेतृत्व में किया गया। इसी दौरान छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के संतजनों ने भोजन, प्रसाद ग्रहण किया। शाम 4 बजे से 5.30 तक गोदड़ीवाला धाम देवपुरी महिला मंडल का सत्संग, कीर्तन हुआ। इसके बाद गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला के बच्चों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही बाबा मंडली भाटापारा का भजन और कीर्तन भी किया गया। वर्सी महोत्सव की सेवा में इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, घनश्याम माखीजा, अनिल तुल्यानी, लाल खूबचंदानी, सुशील केशवानी, इंदर थौरानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी, दिनेश दावानी, दिलीप इसरानी, मनीष थरानी, नरेश परयानी, महेश हरजानी, कमल खूबचंदानी, शिवा खूबचंदानी, संतोष पारप्यानी व अनेक सेवाधारी जुटे हुए हैं।

### बाबा के भक्तों ने मेडिकल कैंप लिया लाभ

मंगलवार को संगत द्वारा एसएसडी ब्लड बैंक के सौजन्य से ब्लड डोनेशन किया गया और सिटी आई सेंटर द्वारा नेत्र जांच भी की गई। बाबा के भक्तों ने डॉ. उमा रोहरा ग्वालानी डेंटल मेडिकल कैंप का लाभ लिया। धाम में सेवा सत्संग, कीर्तन लगातार चल रहा है देवपुरी, फुंडहर, माना, कमल विहार आदि जगहों के ग्रामीणों ने भोजन, प्रसाद ग्रहण किया। तीनों दिन अखंड भंडारा साहेब जारी है।



### जलगांव साहेब से आए 55 कलाकारों ने दी प्रस्तुति

इसी दौरान बाबा की मदाह साहेब आरतियां एवं गोदड़ीवाला बाबा की धूनी साहेब का आरंभ हुआ। रात्रि में जलगांव साहेब से आए 55 कलाकारों ने बाबल प्यारो जलगांव वारो नाटक की प्रस्तुति दी, जिसे देख संगत भावविभोर हो गई। संगत को आशीर्वाद देने शदाणी दरबार के प्रमुख, संत युधिष्ठिरलाल साहेब पहुंचे और भजन, सत्संग कर संगत को निहाल किया। इसके बाद मशहूर कलाकार अंकिता हेमराजानी प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) ने ऐतिहासिक भजन, कीर्तन प्रस्तुत कर समां बांधा और बाबा मंडली जलगांव, चकरभाठा, रायगढ़, सीधी एवं विनोद चावला द्वारा कार्यक्रम हुआ।

## एम्स में आयोजित हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर। एम्स में मेडिसिन अपडेट 2.0 – डिकोडिंग डिलेमा नामक राष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मेलन का आयोजन जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा किया गया था। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और पीजी छात्रों ने भाग लिया और आंतरिक चिकित्सा क्षेत्र की समकालीन चुनौतियों तथा निर्णय लेने की जटिलताओं पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. कृष्णदत्त चावली, डीन रिसर्च प्रो. अभिरुचि गल्होत्रा, एपीआई के प्रतिनिधि, वरिष्ठ संकाय सदस्य और देशभर से आए प्रतिभागी उपस्थित थे। वैज्ञानिक सत्रों में ट्रॉपिकल फीवर, रिनल ट्यूब्युलर डिसऑर्डर्स, आईबीडी जटिलताएँ, एससीडी ट्रांसफ्यूजन चुनौतियाँ, तीव्र अग्नाशयशोथ, हाइपरथायरॉइडिज्म, प्राथमिक सिरदर्द, और ब्रॉड कॉम्प्लेक्स टैकीकार्डिया जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**ठंड बढ़ते ही तिब्बती दुकानों पर गर्म कपड़े खरीदने उमड़ रही ग्राहकों की भीड़, कारोबार ने पकड़ी रफ्तार**

# 3 करोड़ का तिब्बती वुलन बाजार, अब तक 30 प्रतिशत कारोबार, शीतलहर ने जगाई दोगुनी कमाई की आस

सर्दी के मौसम में तिब्बती वुलन बाजार शहरवासियों के लिए गर्म कपड़े खरीदारी का प्रमुख आकर्षण केंद्र रहता है। इस सीजन में भी शहर के रोड किनारे व प्रमुख मैदानों पर सजीं तिब्बती दुकानों पर हर वर्ग के लोग विंटर वियर की शॉपिंग करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मोतीबाग स्थित तिब्बती वुलन बाजार की कारोबारी नैंसी रुक्सा ने बताया कि मोतीबाग के पास करीब 35 तिब्बती वुलन की दुकानें लगी हैं, जहां प्रत्येक दुकान में औसतन 10 से 15 लाख रुपए तक का वुलन वियर का फुल स्टॉक है। इस तरह करीब 3 से साढ़े तीन करोड़ रुपए का हमारा तिब्बती वुलन बाजार है।



दुकान पर अच्छी ग्राहकी

तिब्बती दुकानदार रूही नुशा ने बताया कि दिसंबर महीने की सर्दी ने तिब्बती वुलन बाजार के दोगुने कारोबार की उम्मीद को जगा दिया है। हमारी दुकान दीपावली के पहले ही यहां पर लग गई है। ठंड अभी बढ़ी हुई है और दुकान भी अच्छी चल रही है। पिछले साल ठंड नहीं पड़ी थी, इस वजह से दुकान नहीं चल पाई। इस बार दुकान पर ग्राहकी अच्छी दिख रही है और आने वाले दिनों में भी अच्छा होने की उम्मीद है।

रायपुर। अक्टूबर से दुकानें मोतीबाग में लगाई हैं, अब तक करीब 3 महीने में 30 प्रतिशत तक ही कारोबार हुआ है। सभी दुकानों में 80 प्रतिशत तक वुलन वियर का फुल स्टॉक बचा हुआ है। नवंबर महीने के आखिरी और दिसंबर महीने की शुरुआत में जो शीतलहर जैसी मौसम से ठंड बढ़ी है, उसके बाद से ग्राहकी ने रफ्तार पकड़ी है। एक तरह से शीतलहर की ठंड ने तिब्बती वुलन बाजार के सभी कारोबारियों के चेहरे पर दोगुनी कमाई की जो आस लेकर आए थे, उसकी उम्मीद जगाई है। तिब्बती वुलन बाजार के कारोबारी ने आगे बताया कि



पिछले साल कम ठंड पड़ने के कारण आधा स्टॉक ही मुश्किल से बिक पाया था। इसके चलते मुनाफा नहीं मिल पाया। इस बार शुरुआत से ही ग्राहक दुकानों पर पहुंच रहे हैं। अक्टूबर में बाजार में खरीदारी धीमी रही, जो नवबंर के दूसरे सप्ताह आते-आते रफ्तार पकड़ ली, अब दिसंबर और जनवरी महीने के अंत तक 70 से 80 प्रतिशत तक कारोबार की आस बंधी है। अगर ठंड का असर इसी तरह से बरकरार रहा तो इस सर्दी का सीजन मुनाफे वाला मौसम साबित होगा।



### जैकेट, स्वेटर, सभी कुछ नया पैटर्न

तिब्बती वुलन दुकानदार यास्मीन ने बताया कि अभी थोड़ा माहौल ठीक है और दुकानों पर भीड़ दिखाई पड़ रही है। पिछले साल ठंड कम होने की वजह से दुकानों पर भीड़ नहीं थी। इस बार जैकेट, स्वेटर समेत सभी कुछ नया पैटर्न है। महिला हो या पुरुष, बच्चे, उनकी पहली पसंद जैकेट ही होती है। तिब्बत के रहने वाले हैं, लेकिन वर्तमान में मैनपाट निवास स्थान है और सर्दी के मौसम में हर साल यहां पर दुकान लगा रहे हैं।

### 20 साल से राजधानी में लगा रहे स्टॉल

तिब्बती वुलन कपड़ों के व्यापारियों ने बताया कि मोतीबाग में हर साल गर्म कपड़ों का बाजार लेकर हम पहुंचते हैं। हम पर भरोसा कर लोग अपने मनपसंद स्वेटर, शॉल, कंबल, मफलर बजट अनुसार खरीदते हैं। मोतीबाग में इस बार लगभग 35 दुकानदार स्थानीय हैं। तिब्बती दुकानदारों की संख्या भी लगभग 35 के आसपास है। इस तरह से यहां पर 70 ऊनी कपड़ों की दुकानें लगी हुई हैं। हम तिब्बती पिछले 20 साल से राजधानी में अपनी दुकानें लगाते आ रहे हैं।

## वोकल फॉर लोकल का सपना साकार करने निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

रायपुर। मंगलवार को राजधानी स्वदेशी उत्साह और वोकल फॉर लोकल की भावना से सराबोर दिखी। सीएआईटी एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में "स्वदेशी संकल्प यात्रा" निकाली गई। वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से निकाली गई इस स्वदेशी संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के स्थानीय व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों सहित युवा व आम नागरिक शामिल हुए। मरीन ड्राइव, तेलीबांधा से निकली इस स्वदेशी संकल्प यात्रा को प्रदेश उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सुबह 11 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपमुख्यमंत्री ने स्वदेशी यात्रा में जुटे जनसैलाब को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बाइक रैली के माध्यम से लोगों को स्वदेशी अभियान से जुड़ने की अपील की। मरीन ड्राइव मार्ग से लेकर नगर निगम गार्डन मार्ग तक पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया गया। स्वदेशी संकल्प यात्रा जैसे-जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ी, जगह-जगह व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों ने अद्भुत उत्साह के साथ फूल बरसाकर स्वागत किया। पूरा शहर "वोकल फॉर लोकल" और "सशक्त स्वदेशी" के संदेश से आलोकित हो उठा। हर चौक, व्यापारिक क्षेत्र और बाजार में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय उद्यमों और छोटे व्यापारियों को नई गति देने के लिए निकाली गई है। आयोजकों ने बताया कि यह यह स्वदेशी संकल्प यात्रा देशभर में "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प के साथ स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय उद्यमों और छोटे व्यापारियों को नई गति देने के लिए निकाली गई है। इसका उद्देश्य पूरे देश में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को जोड़ना है। इससे देश में रोजगार और व्यापार की समृद्ध संभावनाओं को साकार किए जाने का अवसर निर्मित होगा।



### संकल्प यात्रा में ये हुए शामिल

*शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं संस्थागत पदाधिकारियों ने उपस्थिति देकर स्वदेशी आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। इनमें प्रमुख रूप से मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, नंद कुमार साहू अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण, राजीव अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, केदार गुप्ता अध्यक्ष अपेक्स बैंक, दीपक म्हस्के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन, अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग, सूर्यकांत राठौर सभापति रायपुर नगर निगम, अमित चिमनानी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छत्तीसगढ़ एवं अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापारिक संगठन, महिला उद्यमी, युवा व्यापारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग शामिल हुए।*

### इन मार्गों से होकर निकली यात्रा

स्वदेशी संकल्प यात्रा शहर के प्रमुख व्यापारिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक क्षेत्र वाले मार्गों से होकर निकाली गई। यात्रा का तेलीबांधा से प्रारंभ होकर केनाल रोड, शंकर नगर, टर्निंग पॉइंट, लोधीपारा चौक, पंडरी कपड़ा मार्केट, लाल चौक करसन चेंबर, फाफाडीह, नहरपारा, स्टेशन रोड, राठौर चौक, रामसागर पारा, तात्यापारा चौक, सत्ती बाजार चौक, सदर बाजार, कोतवाली चौक होकर वाइट हाउस उद्यान मार्ग पहुंची।



## सांस्कृतिक प्रस्तुति से सम्मेलन हुआ मनभावन समाज संगठित एवं सशक्त बनाने दिया संदेश

रायपुर। राजधानी में 7 दिसंबर को गोंड समाज पारिवारिक सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम गोंडवाना अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण सोसायटी रायपुर, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपसिंह मंडावी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ जनजाति आयोग रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहित कुमार दर्रो ने की। धर्मपाल कोड़ापे ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारी व समाज के प्रतिष्ठित लोगों की भागीदारी रही। सुंदर रेला-पाटा के साथ कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत मनमोहक एवं गरिमामय बना। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह में समाज के प्रति समर्पण ओर सेवा की भावना का संचार हुआ। समिति व संघ के सभी पदाधिकारी दिन-रात समाज को एकजुट करने एवं मजबूत आधार निर्माण हेतु सतत प्रयासरत हैं। धर्मपाल कोड़ापे ने कहा कि उक्त मंच से पुस्तक कोया बूम एक समृद्ध ग्राम व्यवस्था के सफल प्रकाशन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। यह सम्मान अत्यंत गर्व का विषय रहा। इसके लिए आयोजन समिति सहित विशेष रूप से मोहित कुमार दर्रो एवं गजानंद नुरूटी को हृदय से सेवामान, सेवा जोहार एवं कोया बूम जोहार अर्पित किया। उन्होंने कहा कि समाज विभिन्न विचारों, संगठनों और प्रवृत्तियों के साथ आगे बढ़ रहा है, किंतु सबका उद्देश्य एक ही है समाज का उत्थान। कार्यक्रम के मंच से गोंड समाज के पदाधिकारियों ने समाज के हर वर्ग को शिक्षा, रोजगार, संस्कार, नेंग-रीति, परंपरा-संस्कृति एवं सर्वांगीण विकास के लिए आगे आने की अपील की, ताकि समाज एक सशक्त, समझदार एवं संगठित बनकर विकास की मार्ग पर आगे बढ़ सके।

### पारंपरिक आदिवासी नृत्य की हुई प्रस्तुति

सम्मेलन जोहारसेवा और कोया बूम के ध्वनि से गूंजता रहा। इस दौरान कार्यक्रम में पारंपरिक कला संस्कृति की झलक दिखी। समाज के महिलाओं व पुरुषों ने पारंपरिक आदिवासी गीत-नृत्य व वाद्ययंत्रों से मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को आनंदमय बना दिया।

समाज इवेंट

## नशे के विरुद्ध पोस्टर और स्लोगन लेकर लगाए नारे, निकाली जागरूकता रैली




रायपुर। ओजस समाज सेवा समिति द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के बच्चों के साथ रैली निकालकर की गई। जिसमें संदेश दिया गया कि नशा समाज के लिए वो जहर है जो व्यक्ति और समाज को धीरे-धीरे बर्बाद कर देता हैं। समिति द्वारा यह कार्यक्रम नशे के कारण होने वाले दुष्परिणाम के रुप में आर्थिक, शारीरिक, मानसिक नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। नशा मुक्त अभियान का यह कार्यक्रम शासकीय पी एम श्री प्राथमिक शाला रूऑबाधा स्कूल के बच्चों ने हाथों में नशा के विरुद्ध लिखे पोस्टर और स्लोगन को लेकर रैली निकाली और नारे लगोता हुए आसपास के लोगो को जागरुक किया। इस दौरान बच्चों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई।

### हानिकारक चीजों पर भी प्रतिबंध होना चाहिए

बच्चों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम कभी भी किसी भी तरह के नशे का सेवन नहीं करेंगे। इस दौरान समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने कहा कि नशा केवल शराब ही नहीं बल्कि, बीड़ी, गुटका, तंबाकू, गांजा, सिगरेट जैसी हानिकारक चीजों पर भी प्रतिबंध होना चाहिये। आजकल बच्चे इन सब के आदि हो रहे है छोटे छोटे बच्चों को सिगरेट व तंबाकू का सेवन करते देखा जाता हैं। इस अभियान में स्कूल की प्रधान पाठिका ज्ञानेश्वरी मिश्रा, संध्या पाठक, नागेन्द्र मरावी, प्रीती वामन, सुधा और ओजस समिति की संरक्षक दुर्गा अधिकारी ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई।

**एनआईटी में डेटा साइंस और इंटेलिजेंट नेटवर्क कंप्यूटिंग -2025 पर तीन दिवसीय प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू**

# एआई सिस्टम का साइबर अटैक में इस्तेमाल इसे रोकने उन्नत सुरक्षा उपायों की आवश्यकता

कार्नर न्यूज

रायपुर। एनआईटी में मंगलवार को प्रथम आई ट्रिपल-ई डेटा साइंस एंड इंटेलिजेंट नेटवर्क कंप्यूटिंग पर इंटरनेशनल सम्मेलन शुरू हुआ। यह सम्मेलन संस्थान के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। तीन दिवसीय यह सम्मेलन छात्रों और शोधकर्ताओं को उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में जानने, बहुविषयी सीख को बढ़ावा देने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने वाले प्रभावी शोध हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जीएस तोमर, चेयरपर्सन, आई ट्रिपल-ई एमपी सेक्शन और डॉ. सोमित्र सनाढ्य, निदेशक, सी-3 आई-हब, आईआईटी कानपुर शामिल हुए। साइबर सुरक्षा एवं क्रिप्टोग्रॉफी विशेषज्ञ डॉ. सोमित्र सनाढ्य ने तेजी से विकसित होती एआई तकनीक के दोहरे प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई अब स्वायत्त रूप से मल्टी-स्टेज साइबर अटैक संचालित करने में सक्षम हो रहा है, जो खतरे के परिदृश्य में बड़ा बदलाव है।



उन्होंने "वाइब कोडिंग" और "वाइब हैकिंग" जैसे नए विचार साझा किए, जिनमें नेचुरल लैंग्वेज निर्देशों के माध्यम से एआई सिस्टम का उपयोग कर साइबर अटैक तैयार किए जाते हैं। उन्होंने ऐसे शक्तिशाली उपकरणों की क्षमताओं और खतरों पर प्रकाश डालते हुए उन्नत सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। ऑनलाइन संबोधन में डॉ. जीएस तोमर ने अपने अनुभव साझा किए और सम्मेलन का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने सुरक्षा क्षेत्र में वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की और कहा कि यह सम्मेलन जर्नल की तुलना में अधिक सशक्त और संवादात्मक प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं। उन्होंने सामाजिक समस्याओं की पहचान करने हेतु समाज-उन्मुख आयोजनों को बढ़ावा देने की सलाह दी और भविष्य के प्रयासों के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी संबोधनों के पश्चात अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया। उसके उपरांत सभी अतिथियों को मोमेंटो प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नितेश के. भारद्वाज ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



### 100 से अधिक उच्च-स्तरीय शोधपत्र प्रस्तुत हुए

सम्मेलन में मेटाडेटा और मल्टीमॉडल डेटा के महत्व को रेखांकित किया गया। सम्मेलन को 100 से अधिक उच्च-स्तरीय शोधपत्र प्राप्त हुए हैं। डॉ. नरेश नागवानी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की आशा व्यक्त की और युवाओं को बुनियादी शोध प्रश्नों पर कार्य करने तथा इस मंच का सार्थक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे ने डिजिटल तकनीकों को "डिसरप्टिव" बताते हुए कहा कि तेजी से हो रही डिजिटाइजेशन के बीच अब एआई इंजीनियरिंग प्रगति का केंद्र बन चुका है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को जागरूकता और सहयोग बढ़ाने के लिए आवश्यक बताया।

### इन विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एनवी रमना राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर ने शिरकत की। इसी के साथ विशेष अतिथियों में डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे, रजिस्ट्रार, एनआईटी रायपुर, तथा डॉ. प्रदीप सिंह, चेयरमैन, आईसीडीएसआईएनसी एवं विभागाध्यक्ष (प्रभारी), सीएसई विभाग उपस्थित रहे। आयोजन समिति में प्रो. नरेश कुमार नागवानी, डॉ. आकांक्षा शराफ, डॉ. नितेश के. भारद्वाज और डॉ. मधुकृष्णा प्रियदर्शिनी शामिल हैं। सम्मेलन को एएनआरएफ, डीआरडीओ और नेक्स्ट टेक्नो द्वारा वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ है। दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत के उपरांत, अपने स्वागत भाषण में डॉ. आकांक्षा शराफ ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया, उन्होंने एआई-चालित स्वायत्त प्रणालियों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और देश-विदेश से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता का उल्लेख किया। डॉ. प्रदीप सिंह ने आयोजन समिति की ओर से आभार व्यक्त करते हुए आधुनिक युग में डेटा के अभूतपूर्व उत्पादन पर चर्चा की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-16 क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की बिहार के विरुद्ध 32 रनों से जीत



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-16 विजय मर्चेंट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच 07 दिसंबर को ग्वालियर में बिहार अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 46.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 123 रन ही बनाये। बिहार की ओर से अमन कुमार ने सर्वाधिक 66 रन तथा यश ने 22 रन बनाये। छत्तीसगढ़ अंडर 16 टीम की ओर से अरहम नाहर ने 6 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने 2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी 120.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 390 रन बनाकर घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से तुश्या प्रजापति ने शानदार शतक लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। वहीं रणवीर चड्ढा ने 71 रन बनाये तथा प्रतीक गंर्धव ने 69 रन बनाये।

बिहार की ओर से अंश अरमान ने 4 विकेट तथा मंदिप सिंह ज्ञानी ने 3 विकेट प्राप्त कियें। बिहार ने अपनी दूसरी पारी में 85.2 ओवरों में 235 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। बिहार की ओर से अभिनव सिन्हा तथा पीयूष कुमार ने 46-46 रन बनाये तथा अमन कुमार ने 43 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 3 विकेट, अरहम नाहार, तुश्या प्रजापति तथा यर्थाथ सिंह चौहान ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 32 रनों से जीत लिया।

### कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के रूद्र और तेजस की शानदार पारी





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 19 कूच बेहार ट्रॉफी 2025 का आयोजन 16 नवंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा चार दिवसीय मैच (08-11 दिसंबर) को चंडीगढ में चंडीगढ अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन चंडीगढ़ अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। चंडीगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 119.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 398 रन बनाए। चंडीगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रहे तथा उनके पहले तीन विकेट 0 पर आउट हो गये। परंतु उनके बाद मार्कडेय पांचाल के 149 रन तथा गगनप्रीत सिंह के नाबाद 131 रनों की बदौलत चंडीगढ की पारी 350 रनों के पार पहुंच पायी। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से रुद्र प्रताप देहारी ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट तथा रोहित यादव ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ अपनी पहली पारी में 58.3 ओवरों में 186 रन बनाकर आल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से तेजस मोरे ने सर्वाधिक 67 रन तथा विकल्प तिवारी ने 43 रनों का योगदान दिया। वहीं चंडीगढ की ओर से गगनप्रीत सिंह ने 5 विकेट तथा अंकन ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 212 रनों से पीछे है।

### प्लेट ग्रुप में रायपुर ब्लू और दंतेवाड़ा ने जीते अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। धमतरी में टीम रायपुर ब्लू ने धमतरी के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक प्राप्त किये। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने दूसरी पारी अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 67 रन से आगे खेलते हुए एक विकेट पर 113 रन बनाकर यह मैच नौ विकेट से जीता। तेजस्वी कलभोर ने नॉट आउट 41 रन, आदर्श पांडे ने नाट आउट 36 रन और अमितेश मिश्रा ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में धमतरी आशीष शर्मा ने एक विकेट लिए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायगढ़ के विरुद्ध दंतेवाड़ा ने 40 रन से जीत हासिल की और 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर बिना कोई विकेट खोए एक रन से आगे खेलते हुए 144 रन बनाए और टीम आउट हो गई। दीपेश पासवान ने 46 रन, उमंग विश्वकर्मा ने 35 रन और हार्दिक वलेचा ने 34 रन बनाएं। गेंदबाजी में दंतेवाड़ा के कैप्टन अंजल रेड्डी ने 5 विकेट लिए। राहुल ने तीन विकेट एम दुर्गेश ने एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

---

बढ़ती उम्र में सेहत को बरकरार रखना हर भारतीय के लिए चुनौती

# पांच 'मंत्र' का पालन कर लिए तो हमेशा जवां दिखेंगे आप, बदलनी होगी अपनी जीवनशैली

उम्र बढ़ने के साथ सेहत में गिरावट आना एक सामान्य प्रक्रिया है। 35 की उम्र के बाद अक्सर लोगों को बीमारियां घेरने लगती है कुछ लोग अपना संतुलन भी खोने लगते हैं। ऐसे में ब्रिटेन के एक डॉक्टर ने पांच आदतों को शामिल करने का सुझाव दिया है, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

उम्र बढ़ना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन आप कितने 'जवां' दिखते हैं और महसूस करते हैं, यह पूरी तरह से आपकी दैनिक आदतों पर निर्भर करता है। 35 की उम्र के बाद, शरीर की कोशिकाएं और मेटाबॉलिज्म धीरे-धीरे बदलना शुरू कर देते हैं, जिसके लिए जीवनशैली में कुछ बदलाव करना जरूरी हो जाता है।

अगर हम अपनी दिनचर्या में कुछ सरल और विज्ञान-आधारित नियमों को शामिल कर लें, तो हम न केवल शारीरिक रूप से फिट रह सकते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं। ये आदतें लंबी उम्र, बेहतर संज्ञानात्मक कार्य और बीमारियों से बचाव की गारंटी देती हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण आदतों के बारे में ब्रिटेन के फेमस डॉक्टर आमिर खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करके बताया है। उन्होंने 35 के बाद हर व्यक्ति के लिए पांच नियमों को पालन करने का सुझाव दिया है, जिसके



आपको भी जानना चाहिए।

### सुबह की रोशनी लें

डॉ. खान के अनुसार, सुबह जल्दी उठकर प्राकृतिक रोशनी लेना बहुत आवश्यक है। सुबह की रोशनी सीधे हमारी सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक घड़ी को नियंत्रित करती है। यह मेलाटोनिन (नींद का हार्मोन) के उत्पादन को रोकती है और दिन की शुरुआत के लिए आवश्यक हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाती है। इससे आपकी नींद की गुणवत्ता सुधरती है और आप दिनभर अधिक सतर्क महसूस करते हैं।

### रोज वीओ 2 मैक्स को बढ़ाएं

मैक्स (अधिकतम ऑक्सीजन उपयोग क्षमता) आपके हृदय स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण संकेतक है। इसे बढ़ाने के लिए रोजाना थोड़ी देर तेज इंटेंसिटी वाली कसरत करें। 20-30 सेकंड के लिए तेज दौड़ना या सीढ़ियां चढ़ना जैसी गतिविधियां करें। ये छोटी लेकिन तीव्र कसरत न केवल फेफड़ों की क्षमता, बल्कि हृदय की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाती है, जिससे आप लंबे समय तक जवां बने रहते हैं।



### अपना ब्लड प्रेशर जानें

डॉ. खान जोर देते हैं कि 35 के बाद नियमित रूप से अपना ब्लड प्रेशर जांचते रहें। हाई ब्लड प्रेशर को भी 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, क्योंकि इसके कोई लक्षण नहीं होते। ब्लड प्रेशर की जानकारी होने से आप हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए समय पर जीवनशैली में बदलाव या चिकित्सा उपचार शुरू कर सकते हैं।



### अपने संतुलन का ट्रेनिंग करें

उम्र के साथ संतुलन बिगड़ने लगता है, जिससे गिरने का खतरा बढ़ जाता है। अपने न्यूरोमस्कुलर सिस्टम को एक्टिव रखने के लिए रोज एक पैर पर खड़े होने या योग जैसे अभ्यास करें। इससे चोट लगने का जोखिम कम होता है और तंत्रिका तंत्र और मांसपेशियों के बीच बेहतर समन्वय बना रहता है।

### मांसपेशियां और हड्डियां बनाएं

35 के बाद मांसपेशियों का नुकसान और हड्डियों का घनत्व कम होना शुरू हो जाता है। इससे बचने के लिए रेजिस्टेंस ट्रेनिंग (जैसे वजन उठाना या पुश-अप्स) बहुत जरूरी है। यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत करता है, बल्कि यह हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने में भी मदद करता है, जिससे आप शारीरिक रूप से मजबूत और फुर्तीले बने रहते हैं।



## कंधे के दर्द का इलाज है ये योगासन आपको मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ

दिनभर बैठकर डेस्क वर्क करने से शरीर का पोस्चर बिगड़ जाता है। साथ ही कंधे, कमर व पीठ में दर्द की शिकायत हो सकती है। कई बार गलत तरीके से सो जाने के कारण भी सुबह उठने पर कंधे व हाथों में दर्द होने लगता है। अक्सर कंधे पर भारी सामान उठाने, ज्यादा एक्सरसाइज करने से कंधे पर अत्यधिक खिंचाव के कारण मसल्स में तनाव बढ़ जाता है। उम्र बढ़ने के कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

कंधों में दर्द के कारण उठने बैठने और कई कार्य करने में समस्या होती है। इस दर्द से निजात पाने के लिए योगासन रामबाण इलाज हो सकता है। योग से कंधे का दर्द और कई अन्य शारीरिक समस्याओं से निजात मिल सकता है।

कई योगासन हैं, जिनका अभ्यास अलग अलग समस्याओं से राहत दिलाता है। हालांकि कंधों के दर्द से छुटकारा चाहते हैं तो हलासन योग का अभ्यास नियमित तौर से करें। हलासन के अभ्यास से कमर व छाती के हिस्से में रक्त प्रवाह बढ़ाता है और गले व गर्दन के तनाव को कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं हलासन के अभ्यास का सही तरीका और हलासन योग के फायदे।

### हलासन के अभ्यास का तरीका

हलासन के अभ्यास के लिए मैट पर पीठ के बल लेटकर हथेलियो को शरीर से सटा लें। अब पैरों को कमर से 90 डिग्री का कोण बनाते हुए ऊपर उठाएं। इस दौरान हाथों से कमर को सहारा दे सकते हैं। सांस अंदर की ओर खींचते हुए टांगों को सीधा रखें और सिर की तरफ झुकाएं। ऐसा करने से पैर सिर के पीछे हो जाएंगे। पैर सिर के उतना पीछे ले जाने का प्रयास करें, जिससे पैरों के अंगूठे जमीन को छू सकें। इस पोजिशन में कुछ देर स्थिर रहते हुए श्वास पर ध्यान केंद्रित करें।

## चंडीगढ़ सिंग्स ने 140 रन के विशाल अंतर से जीत लिया मैच



**रायपुर।** शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन की ओर से राजधानी रायपुर में आयोजित 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अपने शानदार खेल का प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। मंगलवार को भी दो मैच हुए। पहला मैच चंडीगढ़ सिंग्स ने 140 रन से व दूसरा मैच सिंग ए पंजाब पटियाला ने 9 विकेट से जीता। एक प्रकार से दोनों ही विजयी टीम ने एकतरफा

- **दूसरे मैच में सिंह ए पंजाब पटियाला की 9 विकेट से जीत**

जीत दर्ज करायी। चंडीगढ़ सिंग्स के उद्घाटक बल्लेबाज जोरसिंह ने रनों की झड़ी लगा दी, उन्होंने 101 रन (55) की नॉटआउट पारी में 6 चौके व 8 छक्के लगाये।

मैच के बारे में जानकारी देते हुए मुखी त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि पहले मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने 3 विकेट खोकर 243 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। दोनों ही ओपनर ने शानदार बल्लेबाजी की। जोराब सिंह ने 101 रन (55 गेंद) जिसमें 6 चौके व 8 छक्के और मनिंदर सिंह ने 48 गेंद पर 91 रनों की शानदार पारी खेली। यूनाइटेड सिंग्स अनंतनाग की ओर से सुमीत, पवनीत व कुलजीत ने 1-1 विकेट लिए।

जवाबी पारी खेलने उतरी यूनाइटेड सिंग्स अनंतनाग की टीम पर बड़े स्कोर का दबाव साफ दिख रहा था। टीम ने हालांकि 20 ओवर का सामना तो किया लेकिन 9 विकेट के नुकसान पर 103 रन ही बना पायी। जिसमें नीतू सिंह के 26, कुलजीत 13 व विशुपाल के 24 रन शामिल रहे। चंडीगढ़ सिंग्स की ओर से साहिब ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 8 रन देकर 5 विकेट लिए। हरप्रीत ने 2, जोबनप्रीत व परविंदर ने 1-1 विकेट लिए। दूसरे मैच में सिंग ए पंजाब पटियाला ने 9 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इससे पहले राइजिंग स्टार मतंग की टीम 16.2 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गई। सहजपाल ने 39 व गोलू ने 30 रनों का योगदान दिया। इस मैच में पटियाला के गेंदबाज भवनदीप सिंह ने 3.2 ओवर में मात्र 8 रन देकर 5 विकेट लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। गुरदीप ने 2, रणजीत व जसप्रीत ने 1-1 विकेट लिए। सिंग ए पंजाब पटियाला ने मात्र 9.4 ओवर में ही एक विकेट खोकर जीत का लक्ष्य 99 रन आसानी से पूरा कर लिया। ओपनर कुमे अंबाला ने 71 रन (34) में 10 चौके व 2 छक्के जड़े।

## ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप में अद्विका नत्थानी ने जीते 2 गोल्ड मेडल




**रायपुर।** भिलाई सेक्टर 9 महिला महाविद्यालय छत्तीसगढ़ में ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप-2025 का आयोजन हुआ। यह 6 से 7 दिसंबर को आयोजित किया गया। इसमें देश भर के 794 कराते खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में रायपुर के काफ क्लब के नाम 3 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल, 3 ब्रॉन्ज मेडल आया। काफ क्लब के खिलाड़ियों ने अपने अपने वजन वर्ग में काता एवं कुमीते में मेडल प्राप्त किया। अद्विका नत्थानी ने 2 गोल्ड मेडल, प्रणव ध्रुव 1 गोल्ड व 1 सिल्वर मेडल, जयेश सपहा 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मेडल, मोक्ष तारक 1 ब्रोज़ मेडल, एमी देवांगन ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर काफ क्लब के प्रमुख रेंशी तुलसीराम सपहा द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई। उपरोक्त जानकारी सीनियर प्रशिक्षक सेंसेई आशीष कुमार शर्मा ने दी।

## आंचलिक क्रिकेट प्रतियोगिता- 2025 में हरियाणा की टीम बनी विजेता



**रायपुर।** आंचलिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा आंचलिक क्रिकेट प्रतियोगिता (मध्य क्षेत्र)-2025 का आयोजन हुआ। इस आंचलिक क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम विजेता बनी। यह टूर्नामेंट 8 से 9 दिसंबर तक रियाज क्रिकेट एकादमी,क्रिकेट मैदान में आयोजित किया गया। इसमें कर्मचारी अविष्य निधि संगठन की 5 टीमों मुख्यालय (नईदिल्ली), हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश एंव छत्तीसगढ़ ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन के मैच में पहला मैच स्वागत समारोह के पश्चात मध्यप्रदेश एंव हरियाणा के बीच हुआ, जिसमें हरियाणा ने अपनी कुशल रणनीति के आधार पर जीत हासिल की। दूसरा मैच, जो कि सेमीफाइनल था। उसे क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर की छत्तीसगढ़ टीम ने मुख्यालय, नई दिल्ली के साथ खेला। इस मैच में मुख्यालय (नईदिल्ली) ने जीत दर्ज कर और फाइनल में जगह बनाई। पहले दिन का तीसरा मैच राजस्थान एंव हरियाणा के मध्य खेला गया। हरियाणा ने इस रोमांचक मैच में जीतकर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। मंगलवार को को खेले गए फाइनल मैच में हरियाणा की टीम ने दिल्ली (मुख्यालय) के साथ खेलते हुए 183/5 रन का स्कोर बनाया। जिसका पीछा करते हुए दिल्ली (मुख्यालय) की टीम केवल 142/7 रन ही बना पायी और हरियाणा की टीम इस टूर्नामेंट विजयी हुई। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता की समाप्ति पर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनिल कुमार साहू (भारतीय वन सेवा) प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छ.ग. शासन उपस्थित थे ।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मैथ्यू पेरी की मौत मामले में दोषी ठहराए जाएंगे सल्वाडोर, 3 साल सजा की मांग

मैथ्यू पेरी की मौत मामले में अब डॉक्टर सल्वाडोर प्लासेनिया दोषी मानते हुए उन्हें सजा सुनाई जानी है। हालांकि, डॉक्टर की ओर से खुद को निर्दोष बताया गया है।



'फ्रेंड्स' स्टार मैथ्यू पेरी की ओवरडोज लेने से हुई मौत के मामले में अब डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को सजा सुनाई जाएगी। डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया पर मैथ्यू पेरी को केटामाइन बेचने का आरोप है और उन्हें इस मामले में दोषी माना गया है। इस पूरे मामले में पांच लोगों को सजा सुनाई जानी है। इनमें डॉ. प्लासेनिया पहले व्यक्ति होंगे। डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को सजा सुनाये जाने से पहले पेरी के परिवार और संभवत उनकी मौत से प्रभावित अन्य लोगों को लॉस एंजिल्स की संघीय अदालत में बयान देने का मौका मिलेगा। पेरी के लोगों की ओर से अमेरिकी जिला न्यायाधीश शेरिलीन से डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को तीन साल की जेल की सजा देने की मांग की जा रही है। वहीं डॉक्टर ने एक याचिका समझौते में पेरी को अवैध रूप से बड़ी मात्रा में केटामाइन बेचने की बात स्वीकार की थी। उन पर अभिनेता को वह खुराक बेचने का आरोप नहीं लगाया गया था, जिसके बारे में जांचकर्ताओं का कहना है कि 28 अक्टूबर 2023 को उनकी मौत हो गई थी।

### टॉलीवुड

## भूकंप के समय जापान में थे प्रभास, 'द राजा साब' के डायरेक्टर मारुति ने दिया अपडेट

साउथ सुपरस्टार प्रभास पिछले दिनों जापान में थे जहां उनकी फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की स्क्रीनिंग हुई। इसी बीच सोमवार रात जापान में आए भूकंप ने



प्रभास के फैंस को चिंता में डाल दिया कि वो सुरक्षित हैं या फिर नहीं। 'द राजा साब' के डायरेक्टर ने अब प्रभास की सुरक्षा को लेकर अपडेट शेयर किया है।

जापान में आए विनाशकारी भूकंप ने दुनियाभर में लोगों को चिंता में डाल दिया है। इसी बीच भारतीय सुपरस्टार प्रभास को लेकर भी फैंस बेहद परेशान थे, क्योंकि अभिनेता हाल ही में अपनी फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए जापान पहुंचे थे। सोमवार रात आए 7.5 तीव्रता के जोरदार भूकंप ने उत्तर-पूर्वी जापान को हिला दिया, जिसके बाद प्रशंसक लगातार प्रभास की सुरक्षा को लेकर सवाल कर रहे थे। फैंस की बढ़ती चिंता को देखते हुए 'द राजा साब' के डायरेक्टर मारुति ने आगे आकर सभी को भरोसे में लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखते हुए बताया कि प्रभास पूरी तरह सुरक्षित हैं। दरअसल एक फैन ने भूंकप की न्यूज को देखने के बाद एक्स पर प्रभास की सेहत को लेकर चिंता जताई थी।

### बालीवुड

## स्वास्थ्य सेवाओं के व्यावसायीकरण के विरुद्ध आवाज उठाती 'मानव मार्केट' का ट्रेलर रिलीज

छत्तीसगढ़ में निर्मित हिंदी फीचर-फिल्म 'मानव मार्केट' स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यवसायीकरण के विरुद्ध आवाज उठाती है। शहर के प्रसिद्ध अभिनेता व निर्देशक




गुलाम हैदर मंसूरी तथा निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल,निम्मी रोशन सवाने और ग़ुलाम हेदर मंसूरी की इस फिल्म का ट्रेलर 3 दिसम्बर को एन. माही फिल्म्स के यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज़ हुआ है। जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। फिल्म आगामी सप्ताह में 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। मुख्य धारा के सिनेमा में समाज को झकझोरने वाले इस विषय पर अपनी तरह की एक अलग फिल्म का ट्रेलर दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में बहुत ही गहराई और संवेदनशीलता के साथ जनता के साथ स्वास्थ्य सेवा में होने वाली अव्यवस्था को दिखाया गया है। हैदर इस फिल्म के निर्माताओं की तारीफ़ करते हुए कहते हैं कि नागपुर निवासी निर्माता निम्मी रोशन सवाने की जब भी ज़रूरत पड़ती है वो और उनके पति रोशन सवाने अपना सब कामकाज रोक कर यहां उपस्थित हो जाते हैं। साथ ही भिलाई के निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल और सिनेमा रिलीज़गि पार्टनर मेघा अग्रवाल के बारे में बताते हैं की इन्होने पूरी टीम का उत्साह बनाए रखा है।

फिल्म में प्रमुख भूमिका निभा रहे अभिनेता ओम त्रिपाठी फिल्म की 19 दिसंबरको होने वाली रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। ओम त्रिपाठी कहते हैं फिल्म में कई संवाद ऐसे हैं जो वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर देखी जा रही अव्यवस्थाओं पर सवाल ख़ड़े करते हैं। जैसे ''ये देश जहां क्रिकेट टीम की बोली कई अरबों में लगाई जाती है, वहीं हर साल भूख़मरी से कई बच्चे मारे जाते हैं।

ओम त्रिपाठी कहते हैं-फिल्म में ऐसे कई संवाद हैं जो ऐसे सवाल खड़े कर रहे हैं जिसका सामना कर पाना स्वास्थ्य सेवा जैसे पवित्र पेशे को मुनाफाखोरी का धंधा बना देने वालों के बस की बात नही। फिल्म में प्रमुख किरदार निभा रही नेहा शुक्ला का कहना है कि यह एक बेहद संवेदनशील विषय है और इस पर फिल्म बनाने बेहद चुनौतीपूर्ण था। इस लिहाज से वह अपनी भूमिका को भी बेहद हट कर मानती है। नेहा का कहना है कि उन्होंने अपना किरदान बेहद संजीदगी से निभाया है और उन्हें उम्मीद है दर्शक इसे जरूर पसंद करेंगे। फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे बाली कुर्रे कहते हैं, इसके जरिए जनता से जुड़े मुद्दे को सामने लाने की कोशिश की गई है।




अगर आप फैशन इंडस्ट्री को करीब से फॉलो करते हैं, तो स्प्रिंग 2026 के ट्रेंड्स को जरूर जानिए। हालांकि पिछले हफ्ते हुए इस शो में कुछ सेलिब्रिटी हेडलाइन बनाईं गई लेकिन यह एक बदलाव था। जिसमें चैनल, डायर, गुच्ची, बालेंसियागा और बोटेगा वेनेटा के नए डिजाइनरों ने ब्रांड्स के लिए अपने पहले कलेक्शन दिखाए और उन्हें उनके अगले चैप्टर में ले गए। कई मामलों में वे काफी अलग दिखे।

## सफेद बाल होंगे एकदम से गायब! अगर इस्तेमाल कर लिया ये एक घरेलू नुस्खा

सफेद बाल या ग्रे हेयर उम्र बढ़ने, तनाव और लाइफस्टाइल की वजह से जल्दी दिखने लगे हैं। बालों को कलर करने के लिए बाजार में तमाम तरह के हेयर कलर मिलते हैं। केमिकल हेयर कलर से बाल जल्दी काले तो लगते हैं, लेकिन इनके इस्तेमाल से बाल कमजोर और रूखे हो जाते हैं। अगर आप अपने बालों को सुरक्षित और नेचुरल तरीके से काला करना चाहती हैं, तो आंवला और नारियल तेल का नुस्खा एक बेहतरीन विकल्प है। आंवला विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो बालों की जड़ों को पोषण देता है और प्राकृतिक रूप से रंग गहरा करता है। नारियल तेल बालों की मजबूती बढ़ाता है और रूखापन कम करता है। ये नुस्खा आसान, घरेलू और बालों के लिए सुरक्षित है।



### इस्तेमाल के लिए जरूरी चीजें

इस नुस्खे को बनाने के लिए आपको सिर्फ दो चीजें चाहिए। इसमें पहली चीज है आंवला पाउडर और दूसरी है नारियल का तेल। बस इस्तेमाल से पहले ये पक्का करें कि आंवला पाउडर ताजा और उच्च गुणवत्ता वाला हो और नारियल तेल शुद्ध हो।

### इस्तेमाल का तरीका

सबसे पहले आंवला पाउडर और नारियल तेल को मिलाकर एक स्मूद पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को जड़ों से लेकर बालों की लंबाई तक अच्छी तरह लगाएं। इसे 1–2 घंटे तक बालों में छोड़ दें ताकि पोषण और रंग पूरी तरह बालों में समा सके। उसके बाद हल्के शैम्पू से बालों को धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2 बार दोहराना सबसे अच्छा माना जाता है।

### सावधानी

इस नुस्खे का इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि मिश्रण ज्यादा गाढ़ा न हो, ताकि बालों में समान रूप से लग सके। अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो पहले इसे हाथ की त्वचा पर टेस्ट करें। बालों में ज्यादा देर तक छोड़ने या अत्यधिक मात्रा में लगाने से बालों में ग्रीस या चिपचिपापन हो सकता है।

## पार्टी में पहने ऐसी साड़ी और लुक को बनाए ग्लैमरस, मिलेगी तारीफ

अगर आप न्यू ईयर की पार्टी में ड्रेस पहनना नहीं चाहतीं तो ये लेख आपके काम का है। यहां हम आपको बताएंगे कुछ ऐसी टिप्स जो आपकी साड़ी को बना देंगी एकदम से खूबसूरत। अगर आप न्यू ईयर पार्टी में ड्रेस पहनने का मन नहीं बना पा रही हैं और कुछ ऐसा पहनना चाहती हैं जो आपको स्टाइलिश भी दिखाए और ट्रेडिशनल टच भी दे, तो साड़ी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है।







साड़ी कभी भी फैशन से बाहर नहीं होती, बल्कि सही स्टाइलिंग इसे पार्टी का सबसे ग्लैमरस आउटफिट बना देती है। आजकल कई तरह की ड्रेपिंग स्टाइल, मॉडर्न ब्लाउज डिजाइन और स्टेटमेंट ऐक्सेसरीज मार्केट में ट्रेंड कर रही हैं जिन्हें अपनाकर आप अपनी साधारण साड़ी को भी बेहद खूबसूरत और यूनिक लुक दे सकती हैं। न्यू ईयर पार्टी जैसे मौके पर ये जरूरी है कि आपका लुक थोड़ा बोल्ड, थोड़ा ग्लैम और थोड़ा क्लासी दिखे। इसलिए हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ आसान टिप्स, जिनकी मदद से आपकी साड़ी दिखेगी बेहद स्टाइलिश और फेस्टिव रेडी.......वो भी बिना ज्यादा मेहनत किए।

### मॉडर्न ड्रेपिंग स्टाइल अपनाएं

अगर आप साड़ी को सिर्फ ट्रेडिशनल तरीके से पहनकर पार्टी में जाने का सोच रही हैं तो इस बार कुछ अलग ट्राई करें। मॉडर्न ड्रेपिंग स्टाइल जैसे बेल्ट ड्रेप, वन-शोल्डर ड्रेप आपके पूरे लुक को इंस्टेंट ग्लैम टच देते हैं। बेल्ट ड्रेप आपकी कमर को परफेक्ट शेप देता है, वहीं वन-शोल्डर ड्रेप आपका लुक और भी वेस्टर्न व स्टाइलिश बनाता है।

### स्टेटमेंट ब्लाउज चुनें

साड़ी का असली लुक तब उभरता है जब उसका ब्लाउज स्टाइलिश और ट्रेंडी हो। न्यू ईयर पार्टी के लिए सीक्विन, बैकलेस, डीप-बैक या हॉल्टर-नेक ब्लाउज बेहतरीन विकल्प हैं। ये न सिर्फ आपकी साड़ी के लुक को अपग्रेड करते हैं बल्कि आपको एक बोल्ड और कॉन्फिडेंट अपीयरेंस भी देते हैं। फेदर या रफ्ल डिटेलिंग वाले ब्लाउज भी आजकल काफी ट्रेंड में हैं और आपको एक सेलिब्रिटी जैसा लुक देते हैं।

## दिखना चाहती हैं सलवार-सूट में लंबी तो इन डिजाइंस को करें ट्राई

सूट के डिजाइन को चुनने से पहले अपनी बॉडी शेप को समझना बेहद जरूरी होता है और उसी हिसाब से ही आपको अपने लुक को स्टाइल भी करना चाहिए।



### शॉर्ट कुर्ती के साथ शरारा सूट

लंबी दिखने के लिए आप शॉर्ट कुर्ती के साथ इस तरह का हाई वेस्ट शरारा पहन सकती हैं। इस तरह के सूट आप प्लेन फैब्रिक लेकर गोटा-पट्टी लेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस सूट को डिजाइनर सूरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के लुक के साथ आप गले से लगा चोकर और मैचिंग स्टड्स को स्टाइल करें।

### कलीदार सूट डिजाइन

कलीदार सूट लगभग हर समय फैशन ट्रेंड में पसंद किए जाते हैं। इस स्टाइलिश बैक नेक डिजाइन के सूट को डिजाइनर अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के सिल्क सूट आपको लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।इस तरह के सूट लुक के साथ आप स्लीक बन हेयर स्टाइल को चुनें।

### वेलवेट सूट डिजाइन

सर्दियों में ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए वेलवेट सूट आपके बेहद काम में आ सकते हैं। इस स्टाइलिश सूट को डिजाइनर सुरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है।


## रुक गई है आपके बालों की ग्रोथ तो एक्सपर्ट टिप्स को करें फॉलो

अगर आप भी अपने बालों की रुकती ग्रोथ से परेशान हैं तो एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। रोजमेरी बालों के लिए काफी अच्छी होती है। इसलिए इसका इस्तेमाल आजकल हेयर ऑयल में सबसे ज्यादा किया जाता है। अगर आपको भी बालों को लंबा और घना करना है तो इसके लिए रोजमेरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें पोटेशियम, आयरन और विटामिन पाए जाते हैं जो बालों को वॉल्यूम देते हैं।

बालों की ग्रोथ रुकने पर एक्सपट्र्स संतुलित आहार (प्रोटीन, आयरन, विटामिन), स्कैल्प मसाज, प्राकृतिक तेलों (नारियल, रोज़मेरी) का प्रयोग, तनाव कम करना, पर्याप्त नींद और हाइड्रेशन के साथ-साथ समय-समय पर ट्रिमिंग और केमिकल प्रोडक्ट्स से बचाव की सलाह देते हैं, जिससे बालों की ग्रोथ फिर से शुरू होती है और वे मजबूत बनते हैं।

### आहार और पोषण

प्रोटीनः अंडे, दालें, चिकन, मछली, बीन्स, नट्स।आयरनः पालक, दालें, बीज। विटामिनः खट्टे फल (विटामिन सी), एवोकाडो, शकरकंद (विटामिन डी, ई)। जिंकः कद्दू के बीज, तिल के बीज, अंडे। पानीः शरीर को हाइड्रेटेड रखें।



### बालों की देखभाल

स्कैल्प मसाजः तेल (नारियल, अरंडी) से हल्की मालिश करें, इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। तेलः नारियल, रोज़मेरी, आम्ला तेल का उपयोग करें। हेयर मास्कः मेथी, अंडा, एलोवेरा जेल, या प्याज के रस का मास्क लगाएं। ठंडा पानीः बालों को धोने के लिए गर्म पानी से बचें, ठंडे या गुनगुने पानी का प्रयोग करें। ट्रिमिंगः हर 6-8 हफ्ते में टिप्स कटवाएं, इससे स्प्लिट एंड्स हटते हैं और ग्रोथ बेहतर होती है। हीटिंग टूल्स से बचें: ज्यादा हीट से बालों की जड़ें कमजोर होती हैं।

कार्नर न्यूज

### इस मौसम में मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत

## सर्दियों में ऐसा करें मेकअप, खिल उठेगा रूप और नजरें टिकी रहेंगी आप पर

हर मौसम का मेकअप अलग-अलग होता है। सर्दियों के मौसम में मेकअप थोड़ा ब्राइट रखा जाता है। गर्मी के मौसम जिन रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, उनका रंगों का सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है। अब चूंकि शादियों का मौसम चल रहा है तो मेकअप में आपको कुछ खास ध्यान रखना होगा।

### कैसे करें मेकअप?

इस समय आंखों के दो लुक को खूब किया जा रहा है। कैट और स्मोकी आई को लोग पसंद कर रहे हैं। अगर आप चाहें, तो डबल आईलाइनर के ऑप्शन को भी चुन सकती है। आप जिस भी लुक को कैरी करें, उसे आपको मस्कारे से उभारना चाहिए। अगर आप सर्दियों में ब्राइट कल का इस्तेमाल करेंगी, तो अच्छा लगेगा। आप ब्लू, पर्पल और ऑरेंज रंगों के ऑप्शन चुन सकती हैं।

आई लाइनर में आप ब्लैक कलर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसमें आपको चॉकलेट ब्राउन, फॉरेस्ट ग्रीन और नेवी ब्लू



कलर के ऑप्शन को चुनना चाहिए। अगर आप इस रंगों का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आप लिपस्टिक का कलर लाइट रखें, जिससे ये रंग उभरकर आएंगे।

ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत कम। थोड़ा सा ही ब्रॉन्जर त्वचा पर लगाएंगे, तो भी चेहरा खिल जाता है।

गर्मियों में जिस कलर की नेलपॉलिश आप नहीं लगा पाई हैं, तो आप इस मौसम में इस्तेमाल करें। डार्क रेड, बरगंडी, पर्पल और नेवी ब्लू जैसे कलर से इस मौसम में शानदार लुक आता है। इनको लगाने से पहले आप नेल्स को कोई शेप दे देती हैं, तो अच्छा रहेगा। वैसे भी इस समय फ्रेंच शेप नाखून काफी ट्रेंड में हैं।

सर्दियों में ज्यादा बेस मेकअप का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे आप सुंदर दिखने की जगह आप कुछ और ही असर पड़ेगा। सर्दी कितनी भी हो, आप फाउंडेशन और मॉश्चराइजर इस्तेमाल करें, जिसमें एपीएफ की मात्रा ज्यादा हो। -सर्दी में भी आप परफ्यूम इस्तेमाल करें। मैरिज सेरेमनी में आपको बोल्ड और ब्राइट कलर्स का ऑप्शन चुनना चाहिए, जिससे आपको लंबे समय तक फ्रेश लुक मिलेगा। -मैट फिनिश के लिए आपको मॉइश्चराइजर फाउंडेशन का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आपके स्किन को स्मूथ लुक भी मिलेगा। शिमर और ग्लिटर के स्थान पर हाईलाइटर का इस्तेमाल करें, जिससे स्किन शिमरी नहीं, बल्कि ग्लो करेगी। गोल्ड आई मेकअप का इस्तेमाल करें। आपका लहंगा फुशिया, रेड, ग्रीन किसी भी रंग का होगा, जिसके साथ गोल्ड आई मेकअप ग्लैमरस लुक देगा।

